राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 7 अंक 268

मूल्य ₹8 .00 नई दिल्ली, बुधवार, 6 मार्च, 2024

www.jagran.com

पृष्ठ 14



राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे ट्रंप, सुप्रीम कोर्ट ने हटाया प्रतिबंध

>> 11

**जागरण विशेष**

**नवाचारी अधिकारी**

### बस्तर की 'छवि' तोड़कर पर्यटन को दी नई दिशा



**जगदलपुर :** बस्तर का नाम सुनते ही नक्सल आतंक की छवि मन में उभर आती है। आइएफएस अधिकारी धम्मशील के प्रयासों के चलते पर्यटक अब यहां के अप्रतिम सौंदर्य की चर्चा कर रहे हैं। ● पेज-7

**संपादकीय**

**कांग्रेस के पराभव का कारण:** अपेक्षाकृत कम योग्य उत्तराधिकारियों के कारण ही कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दल संकट में हैं। कुछ तो डूब रहे हैं। **सुरेंद्र किशोर** का आलेख।



**गरीबी घटाने से आगे की चुनौती:** यह अच्छी बात है कि देश में गरीबी कम हो रही है, लेकिन प्रयास यह होना चाहिए कि प्रति व्यक्ति आय भी बढ़े। **डा. जयंतीलाल भंडारी** का दृष्टिकोण। ● पेज-8

**विमर्श**

**सेमीकंडक्टर का हब बनने की डगर पर :** पिछले दिनों केंद्र सरकार ने दो सेमीकंडक्टर यूनिट गुजरात में तथा एक असम में लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सेमीकंडक्टर के घरेलू निर्माण से देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। अभिषेक कुमार सिंह का विश्लेषण।

**नए भारत का विकासवादी चरित्र :** गुलामी की मानसिकता से आज देश का अर्थतंत्र बाहर आया है तो इसका कारण बीते एक दशक में भारतीय इतिहास, संस्कृति और परंपरा को केंद्र में रखकर किए गए विकास कार्य हैं। प्रेम प्रकाश का आकलन। ● पेज-9

**दैनिक जागरण सप्तरंग**

सेहत भरे जीवन का



संपूर्ण सेहत की हो बात

काला मोतिया की आशंका से कैसे बचें

● पेज-13

# लश्कर माड्यूल का पर्दाफाश, कैदियों को आत्मघाती हमलावर बनाने की थी साजिश

## बेंगलुरु की जेल में लश्कर के लिए भर्ती की जांच के दौरान माड्यूल की मिली जानकारी

**नीलू रंजन, नई दिल्ली**

- कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, गुजरात व बंगाल समेत सात राज्यों में की गई छापेमारी
- बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेजी सुबूत और देशी-विदेशी मुद्रा बरामद

लश्कर-ए-तैयबा के बड़े माड्यूल का पर्दाफाश करते हुए एनआइए ने कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, गुजरात और बंगाल समेत सात राज्यों में छापा मारा है। इस माड्यूल का पर्दाफाश बेंगलुरु जेल के भीतर लश्कर के लिए भर्ती की साजिश की जांच के सिलसिले में हुआ। एनआइए का कहना है कि आरोपितों ने बेंगलुरु जेल में बंद कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आत्मघाती हमले के लिए तैयार करने की साजिश रची थी। गत वर्ष जुलाई में बेंगलुरु के एक ठिकाने से सात पिस्तौल, चार हैंडग्रेनेड, 45 गोलियों के साथ एक मैगजीन और चार वाकी-टाकी की बरामदगी के बाद लश्कर की साजिश का पता चला था। बेंगलुरु पुलिस की शुरुआती एफआइआर के बाद एनआइए ने केस की जांच अपने हाथ में ली थी।

एनआइए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जेल के भीतर आतंकी भर्ती की जांच पूरी हो चुकी है। 12 जनवरी को आठ आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। इनमें दो आरोपितों जुनैद अहमद और सलमान खान को भगोड़ा घोषित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि केस की जांच के दौरान कई राज्यों में फैले लश्कर के नेटवर्क की जानकारी मिली, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल थे और इसके लिए ट्रेनिंग और फंडिंग तक उपलब्ध करा रहे थे। जांच के दौरान ऐसे 12 संदिग्धों की पहचान की गई, जो इस नेटवर्क में शामिल थे। मंगलवार को इन सभी के ठिकानों की सघन तलाशी ली गई। एनआइए के अनुसार, तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेजी साक्ष्य और देशी व विदेशी मुद्रा में नकद बरामद किए गए। इनमें 25 मोबाइल फोन, छह लैपटाप और चार स्टोरेज उपकरण शामिल हैं।

जिन संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे गए, उनमें कर्नाटक में मेंगलुरु के नवीद, बेंगलुरु के सैयद खैल व दक्षिण कर्नाटक के बिज्जु के साथ ही बंगाल के 24 परगना जिले के मयूर चक्रवर्ती, पंजाब के गुरदासपुर के नवजोत सिंह, गुजरात के मेहसाणा के हार्दिक कुमार व अहमदाबाद के करन कुमार, तमिलनाडु के रामनाथपुरम के दो भाई अहमद सथिकली व मुबिथ और चेन्नई के हसन अल बस्सम शामिल हैं। इस पूरे माड्यूल के मास्टरमाइंड की पहचान की कोशिश की जा रही है।



बेंगलुरु की जेल में कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआइए ने मंगलवार को तमिलनाडु के रामनाथपुरम में छापेमारी की। एएनआइ

### बम धमाके के कई मामलों का आरोपित है नसीर

एनआइए की चार्जशीट के अनुसार, केरल के कन्नूर का निवासी टी नसीर बम धमाके के कई मामलों का आरोपित है और बेंगलुरु की जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। यहीं उसकी जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान से मुलाकात हुई। दोनों को उसने लश्कर का आतंकी बनने और आत्मघाती हमले के लिए तैयार कर लिया। इसके बाद वह अन्य आरोपितों को जेल के अपने बैरक में शिफ्ट कराने में सफल रहा और उन्हें लश्कर का आतंकी बनने के लिए तैयार कर लिया। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपितों ने आतंकी हमलों के लिए हथियार और फंड जुटाना शुरू कर दिया। एनआइए के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार के छापे में मिले डिजिटल उपकरणों और अन्य दस्तावेज को अहम बताते हुए कहा कि इससे इनके नेटवर्क के बारे में और अधिक जानकारी मिल सकती है। एनआइए आरोपितों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में जुट गई है।

# राजस्थान में पेपर लीक से बने दारोगा, टापर समेत 14 गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, जयपुर**

- राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में ट्रेनिंग ले रहे थे गिरफ्तार उप निरीक्षक
- कुल 16 गिरफ्तार लोगों में 14 पुलिस उप निरीक्षक, एक परीक्षा केंद्र का अधीक्षक व एक अन्य है शामिल

**10** आरोपितों ने करीब 20 से 22 लाख रुपये में खरीदा था पर्चा, जांच जारी

- पुलिस के आने से पहले ही फरार हुए एक दर्जन प्रशिक्षु उप निरीक्षक

राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2021 के पर्चे लीक और मूल परीक्षार्थी के स्थान पर डमी अभ्यर्थी को बिठाने के मामले में राजस्थान स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 14 वे लोग हैं, जिनका भर्ती परीक्षा में चयन हो गया और वे फिलहाल जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर (आरपीए) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से दस ने 20 से 22 लाख रुपये में लीक हुआ पर्चा खरीदा था। चार लोग ऐसे हैं, जिनके स्थान पर डमी अभ्यर्थी ने परीक्षा दी थी और उनका चयन हो गया। गिरफ्तार किए गए प्रशिक्षुओं में उप निरीक्षकों की परीक्षा में टाप करने वाला नरेश खिलेरी भी शामिल है। एसओजी की टीम के आरपीए पहुंचने से पहले ही करीब एक दर्जन प्रशिक्षु उप निरीक्षक फरार हो गए।

एसओजी के अधिकारियों का मानना है कि करीब 30 प्रशिक्षु उप निरीक्षक लीक हुए पर्चे और डमी अभ्यर्थी के माध्यम से नौकरी पाने में सफल हुए हैं। एसओजी फरार हुए प्रशिक्षु उप निरीक्षकों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वी. के. सिंह ने बताया कि पर्चा लीक जयपुर के हसनपुरा में संचालित होने वाली रवींद्र बाल भारतीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र से हुआ था। परीक्षा केंद्र के अधीक्षक राजेश खंडेलवाल को गिरफ्तार किया गया है। खंडेलवाल को जयपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। सिंह ने बताया कि जो 16 लोग गिरफ्तार किए गए हैं, उनमें 14 प्रशिक्षु उप निरीक्षक, परीक्षा केंद्र के अधीक्षक राजेश खंडेलवाल एवं एक अन्य शामिल हैं। दो अन्य प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार को पूरी भर्ती परीक्षा ही निरस्त करने का सुझाव कुछ भाजपा नेताओं ने दिया है। हालांकि सरकार ने इस बारे में अभी कोई विचार नहीं किया है।

एडीजी ने की परीक्षा निरस्त कराने की अपील पेज>>6

# सीबीआइ करेगी संदेशखाली कांड की जांच

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता**

- कलकत्ता हाई कोर्ट ने दिया निर्देश, ईडी अफसरों पर हुआ था हमला
- फैसले के विरुद्ध ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख
- सीआइडी ने सीबीआइ को नहीं सौंपा शाहजहां

संदेशखाली में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले सहित उससे जुड़े तीन मामलों की जांच सीबीआइ करेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को यह निर्देश दिया। इधर, हाई कोर्ट के आदेश के बाद बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। सुप्रीम कोर्ट में त्वरित सुनवाई याचिका दाखिल की गई, जिसे न्यायालय ने खारिज करते रजिस्ट्रार के पास जाने की सलाह दी। हाई कोर्ट ने बंगाल पुलिस को संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपित निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को सीबीआइ को सौंपने का भी निर्देश दिया था। लेकिन सीआइडी ने मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए शाहजहां को सीबीआइ को नहीं सौंपा। सीबीआइ के अधिकारी केंद्रीय बल के साथ शाहजहां को अपने अधिकार में लेने के लिए कोलकाता स्थित सीआइडी मुख्यालय पहुंचे थे। ढाई घंटे बाद वे वहां से खाली हाथ लौट गए। इधर, भाजपा ने अदालत द्वारा सीबीआइ जांच के फैसले का स्वागत किया है।

अदालत ने इसके साथ ही नजाट व बनगांव थाने में दर्ज संदेशखाली कांड से जुड़े तीन मामलों के सभी दस्तावेज भी पुलिस को तत्काल सीबीआइ को सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने ईडी अधिकारियों पर हमले की पड़ताल के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एसआइटी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने मामले में राज्य पुलिस की भूमिका की कड़ी आलोचना की।

बता दें कि ईडी ने हाई कोर्ट में अपील की थी कि संदेशखाली घटना की जांच अकेले सीबीआइ को सौंप दी जाए। एजेंसी ने हाई कोर्ट को बताया था कि उसे राज्य पुलिस पर भरोसा नहीं है। क्योंकि इस मामले में राज्य पुलिस का रवैया शुरू से पक्षपातपूर्ण रहा है। शाहजहां के खिलाफ 40 मामले वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया था। अधिकारियों पर हमले की घटना के बाद ईडी ने एफआइआर दर्ज कराई थी जिसके बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर राज्य ने कहा था कि पुलिस ने ठोस कदम उठाए हैं और कई आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



कोलकाता में मंगलवार को सीआइडी द्वारा संदेशखाली कांड आरोपित शेख शाहजहां को नहीं सौंपे जाने के बाद सीआइडी मुख्यालय से प्रस्थान करते सीबीआइ अधिकारी। प्रेट्र

### ईडी ने कुर्क की शाहजहां की 12 करोड़ की संपत्ति

ईडी ने शाहजहां शेख की 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति मनी लांड्रिंग के तहत प्रावधानिक तौर पर कुर्क की है। इनमें कोलकाता, संदेशखाली व ग्राम सरबेरिया में स्थित अपार्टमेंट, कृषि भूमि, मत्स्य पालन केंद्र, भूमि व भवन जैसी 14 अचल संपत्ति शामिल हैं। शाहजहां के दो बैंक खातों को भी फ्रीज किया गया है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी।

### न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने दिया त्यागपत्र, भाजपा में होंगे शामिल

**कोलकाता:** कलकत्ता हाई कोर्ट के जज पद से त्यागपत्र देने वाले अभिजीत गंगोपाध्याय भाजपा में शामिल होंगे। कोलकाता में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मैं सात मार्च को भाजपा में शामिल होने जा रहा हूं। (पेज-5)

# द्रमुक सांसद ए राजा बोले- भारत एक राष्ट्र नहीं

- कहा - एक देश का मतलब एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति
- यहां अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न प्रथाएं, परंपराएं और संस्कृतियां
- कांग्रेस ने भी राजा की टिप्पणी की निंदा की, कहा-संयम बरतना चाहिए



द्रमुक सांसद ए राजा। फाइल

**चेन्नई, प्रेट्र :** सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी कर चुके द्रमुक सांसद ए राजा ने फिर विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि भारत एक राष्ट्र नहीं है और न ही कभी एक राष्ट्र रहा है, बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है और यहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। उनकी इस टिप्पणी की न केवल भाजपा बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है। भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को देश विभाजन का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है तो कांग्रेस ने भी कहा है कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए।

राजा एक वीडियो में पार्टी की बैठक में कहते हैं- 'भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति को दर्शाता है और ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं।' राजा ने कहा, 'यहां तमिल एक राष्ट्र है। मलयालम एक भाषा, एक राष्ट्र है। उड़िया एक भाषा और एक राष्ट्र है। ऐसी सभी श्रेणियां मिलकर भारत का निर्माण करती हैं। ऐसे में भारत एक देश नहीं है, बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है और इसमें विभिन्न प्रथाएं, परंपराएं और संस्कृतियां हैं।' उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, केरल, दिल्ली और ओडिशा जैसे राज्यों में अपनी-अपनी स्थानीय संस्कृति है।

उन्होंने कहा-'मणिपुर में कुत्ते का मांस खाया जाता है जो एक सांस्कृतिक पहलू है। कश्मीर में अलग संस्कृति है। हर संस्कृति को मान्यता देनी होगी। अगर कोई समुदाय बीफ खाता है तो उसे मानिए, आपको क्या समस्या है? क्या उन्होंने आपसे इसे खाने के लिए कहा? यही विविधता में एकता है। हमारे बीच अंतर है और इसे स्वीकार करना होगा।' राजा ने कहा कि अगर 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारे का मतलब कट्टरवाद है तो हम जय श्री राम और भारत माता की जय को कभी स्वीकार नहीं करेंगे, तमिलनाडु इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। यही नहीं, उन्होंने कहा कि यदि उन्हें और उनकी पार्टी को भगवार राम का दुश्मन करार दिया जाता है तो भी उन्हें कोई चिंता नहीं है। उधर, कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह इससे पूरी तरह असहमत है। पार्टी की इंटरनेट मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेताओं को संयमित होकर बात करनी चाहिए। राजा के रामायण और भगवान राम के बारे में कुछ टिप्पणियां करने पर उन्होंने कहा- 'मेरा मानना है कि राम सबके हैं, राम हम सबमें हैं। जिस राम को इमाम-ए-हिंद कहा गया है, वो संप्रदायों, धर्म और जाति से ऊपर हैं। राम जीवन जीने का आदर्श हैं, राम मर्यादा हैं, राम नैतिकता हैं, राम प्रेम हैं।' वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि राजा मानसिक रूप से बीमार हैं।

**(तृणमूल विधायक के बिगड़े बोल, कहा- अपवित्र है अयोध्या का राम मंदिर: पेज-5)**

### भाजपा ने कहा- यह माओवादी विचारधारा, राजा गिरफ्तार किए जाएं

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ए राजा का यह बयान उनकी माओवादी सोच को भी उजागर करता है। मुख्यमंत्री का कर्तव्य है कि वह राजा को गिरफ्तार कराएं। (पेज-5)

# डीके शिवकुमार के खिलाफ ईडी का केस रद

- कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री को शीर्ष अदालत से मिली राहत

**200** करोड़ की रकम मिलने का ईडी ने किया था दावा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ ईडी द्वारा शुरू की गई मनी लांड्रिंग मामले की जांच को रद कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कर्नाटक हाई कोर्ट ने ईडी द्वारा शिवकुमार को जारी किए गए समन को रद करने से इन्कार कर दिया था। शिवकुमार ने मनी लांड्रिंग केस को खारिज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की योजना बना रही हैं, लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं।

अगस्त 2017 में आयकर विभाग ने शिवकुमार, नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के एक कर्मचारी हनुमंतैया व अन्य के विरुद्ध कर चोरी की जांच के तहत दिल्ली में कई परिसरों की तलाशी ली थी। ईडी ने आयकर विभाग द्वारा दायर आरोपपत्र के आधार पर शिवकुमार, हनुमंतैया व अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की। जांच के दौरान ईडी को शिवकुमार से संबंधित 200 करोड़ रुपये की बेनामी रकम का पता चला। ईडी ने दावा किया कि यह पैसा शिवकुमार के नियंत्रण वाले 317 से अधिक बैंक खातों में जमा किया गया था। ये खाते 20 बैंकों में खोले गए थे। ईडी ने शिवकुमार से जुड़ी 800 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्तियों की खोज का भी दावा किया। इस मामले में शिवकुमार को तीन सितंबर 2019 को गिरफ्तार किया गया था।

### 'युवाओं को बढ़ावा देने से डरती है कांग्रेस'

**सांगारेड्डी (तेलंगाना):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा, कांग्रेस युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर कटाक्ष करते हुए कहा, विपक्षी पार्टी 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को नियुक्त कर रही है। पीएम ने सांगारेड्डी में 7,200 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। (पेज-6)

### हिजबुल्ला के हमले में एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली:** लेबनान से सोमवार को दागी गई मिसाइल में एक भारतीय की मौत और दो के घायल होने के बाद तेलअवीव स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एडवाइजरी जारी की। सोमवार को मार्गोलियट में एंटी टैंक मिसाइल हमले में केरल निवासी 30 वर्षीय निबिन मैक्सवेल की मौत हो गई थी जबकि बुश जोसेफ जार्ज व पाल मेल्विन नामक दो भारतीय मजदूर घायल हुए हैं। (पेज-11)

**ट्राई का प्रस्ताव**

**कालर के नाम को स्क्रीन पर दिखाना अनिवार्य कर सकती है सरकार, ट्राई द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर दूरसंचार मंत्री ने दिखाया सकारात्मक रुख**

# यूजर को जानने का अधिकार है कि उसे कौन कर रहा काल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

फोन स्क्रीन पर कालर के नाम को प्रदर्शित करना सरकार अनिवार्य कर सकती है। सरकार भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के इस प्रस्ताव के पक्ष में दिख रही है और इसे लेकर सकारात्मक फैसले की उम्मीद है।

ट्राई के प्रस्ताव पर दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की सुरक्षा और उनकी निजता महत्वपूर्ण है। ग्राहकों को यह जानने का अधिकार है कि उसे कौन फोन कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह ट्राइ के इस प्रस्ताव की समीक्षा करेंगे और उसके बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। अभी मोबाइल फोन पर काल करने वाले का सिर्फ नंबर दिखाई पड़ता है। कालिंग लाइन आइडेंटिफिकेशन प्रेजेंटेशन (सीएलआइपी) सेवा के तहत फोन के स्क्रीन पर काल करने वाले का नंबर दिखता है। ट्राई का कहना है कि दूरसंचार कंपनियों को सीएलआइपी में नाम के प्रदर्शन की सेवा जोड़नी होगी। अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में पहले से कालर के नाम को स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाता है। यूएई ने तो वहां बिकने वाले हैंडसेट में उस फीचर को समाहित करना भी अनिवार्य कर दिया है, जिसकी मदद से काल करने वाले का नाम स्क्रीन पर दिखता है। हालांकि कुछ मोबाइल फोन में पहले से यह फीचर है। ट्राई के प्रस्ताव के मुताबिक ऐसी सुविधा फीचर फोन यानी कि बिना इंटरनेट वाले फोन में भी देनी होगी।

**दूरसंचार कंपनियों को तैयार करना होगा डाटा बेस:** ट्राई के प्रस्ताव के मुताबिक स्क्रीन पर नाम के सही प्रदर्शन के लिए दूरसंचार कंपनियों को मास्टर डाटाबेस तैयार करना होगा। स्क्रीन पर काल करने वाले का सही नाम प्रदर्शित हो, यह जिम्मेदारी भी दूरसंचार कंपनियों की होगी। कामर्शियल कनेक्शन लेने वालों को दूरसंचार कंपनियां उनके ब्रांड का नाम आवंटित कर सकती हैं। **(खाने के साथ बोतलबंद पानी देना मानसिक प्रताड़ना: पेज-10)**



अश्विनी वैष्णव। फाइल

### अश्लील या फ्राड काल से बच सकेंगे ग्राहक

ट्राई का मानना है कि इस सुविधा का फायदा यह होगा कि ग्राहक फोन उठाने से पहले यह तय कर सकेंगे कि उन्हें फोन उठाना है या नहीं। इससे बेवजह आने वाले फोन, अश्लील व फ्राड काल से ग्राहक बच सकेंगे। सिर्फ नंबर आने से कई बार जरूरी काल की भी ग्राहक अनदेखी कर देते हैं। हालांकि स्क्रीन पर नाम आने के बाद ऐसा होने की संभावना ना के बराबर है। इतना ही नहीं ग्राहकों को बेकार काल से होने वाली मानसिक पीड़ा व आर्थिक नुकसान से राहत मिलेगी।

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION
Scan the QR code to Download Toppers' Answer Copies
8468022022 WWW.VISIONIAS.IN
Heartiest Congratulations to all candidates selected in CSE 2022
39 IN TOP 50 SELECTIONS from various programs of VISIONIAS
1 AIR ISHITA KISHORE — ABHYAAS PRELIMS, ABHYAAS MAINS, ESSAY TEST SERIES, PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAM
2 AIR GARIMA LOHIA — ALL INDIA PRELIMS TEST SERIES, ALL INDIA MAINS TEST SERIES, PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAM
3 AIR UMA HARATHI N — ALL INDIA MAINS TEST SERIES, PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAM
हिंदी माध्यम टॉपर — 66 AIR KRITIKA MISHRA
लाइव/ऑनलाइन कक्षाएं भी उपलब्ध
फाउंडेशन कोर्स
सामान्य अध्ययन 2025
प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज
दिल्ली: 5 मार्च, 1 PM
अधिक जानकारी, रजिस्टर या फ्री काउंसलिंग के लिए हमारे एक्सपर्ट से बात करें
Lakshya लक्ष्य प्रीलिम्स मेंटरिंग प्रोग्राम 2024
UPSC सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा, 2024 पर केंद्रित रिवीजन, प्रैक्टिस और मेंटरिंग प्रोग्राम
15 मार्च
ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज़
प्रारंभिक ✓ सामान्य अध्ययन ✓ सीसैट — English 2024: 10 Mar, हिन्दी 2024: 10 मार्च
मुख्य ✓ सामान्य अध्ययन ✓ निबंध ✓ दर्शनशास्त्र — English 2025: 3 Mar, हिन्दी 2025: 3 मार्च
DELHI: 1st floor, Apsara Arcade, Near Gate-7 Karol Bagh Metro Station, Delhi | CONTACT: 8468022022, 9019066066
GTB Nagar Enquiry and Classroom Centre, Above GTB Nagar Metro Station Gate No. 2, Delhi - 110009
AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | CHANDIGARH | GUWAHATI | HYDERABAD | JAIPUR | JODHPUR | LUCKNOW | PRAYAGRAJ | PUNE | RANCHI

********

# मणिपुर की स्थिति दुखद, पूरा भारत चाहता है सामान्य स्थिति : जयशंकर

**विदेश मंत्री बोले** ▸ म्यांमार से लगी खुली सीमा से स्थितियां अधिक खराब हुईं

### कोरियाई दौरे पर कहा- वैश्विक पुनर्व्यवस्था में कुछ ताकतों का प्रभाव बीती बात

**सियोल, प्रेट्र :** दक्षिण कोरिया के दौरे पर मंगलवार को पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ वह 'बेहद दुखद' है। वहां की परिस्थितियों ने हमारे दिल तोड़ दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूरा भारत पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य परिस्थितियों की बहाली देखना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निर्धारित करने में 'अत्यधिक प्रभाव' का प्रयोग किया था, वह अब बीत चुका है इसलिए भारत व दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय योगदान की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने एक एनआरआइ के मणिपुर की स्थिति के बारे में पूछने पर अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि यह कैसे हुआ? सरकार ने ऐसा कैसे होने दिया? वहां जो कुछ भी हो रहा है, किसी को भी इससे पीड़ा होगी। वहां जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुखद और पीड़ादायी है। मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 'व्यथित' बताना एक हल्का शब्द है। उन्होंने बताया कि आपसी मेलजोल वाले समुदायों (मैतेयी और कुकी) के बीच तनाव से ऐसे हालात बने। उनके बीच खाई इतनी बढ़ गई कि इतनी भीषण हिंसा हुई जिसे रोक पाना बहुत मुश्किल हो गया। लेकिन पूरा देश मणिपुर के साथ है। लोग वहां सामान्य स्थिति और कानून व्यवस्था की बहाली देखना चाहेंगे। कई मायनों में पूर्वोत्तर स्वयं सेतु के रूप में कार्य कर सकता है। दुर्भाग्यवश म्यांमार से लगी खुली सीमा के चलते स्थितियां अधिक खराब हुईं। इसलिए, भारत ने सीमा के दोनों ओर 16 किमी तक बिना किसी दस्तावेज के आवाजाही की छूट पर प्रतिबंध लगाया है।

जयशंकर ने 'कोरिया नेशनल डिप्लोमेटिक अकादमी' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण में सक्रिय रूप से योगदान देने के प्रति भारत और दक्षिण कोरिया की जिम्मेदारी बढ़ रही है। वह युग जब कुछ शक्तियों ने उस प्रक्रिया पर असंगत प्रभाव डाला था, अब बीत चुका है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद या सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार का मुकाबला करना या समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना, दोनों देशों के लिए मायने रखता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यापार, निवेश, सेवाओं, संसाधनों, लाजिस्टिक्स और प्रौद्योगिकी के मामले में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है। इस क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। अपनी क्षमता का अहसास कराने के लिए दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं। जयशंकर बुधवार को अपने प्रतिपक्षी चो-ताइ-युल के साथ 10वें भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कोरियाई प्रधानमंत्री केआर हैन डक-सू से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंध सशक्त करने पर चर्चा की। उन्होंने कोरियाई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चांग हो-जिन और व्यापार, उद्योग व ऊर्जा मंत्री अहन ड्यूकगेन से भी मुलाकात की है।


दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में मंगलवार को भारत-कोरिया साझेदारी पर एक सत्र को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर। प्रेट्र

## भारत-फ्रांस ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग-क्षमता निर्माण पर किया मंथन

**नई दिल्ली, एएनआइ :** दिल्ली में आयोजित दूसरी भारत-फ्रांस रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता में दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में चल रहे मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव और सरकारी क्षेत्र व वाणिज्यिक क्षेत्र में आगे के सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। इस दौरान पहली रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता के बाद हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई।

अंतरिक्ष वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से विदेश सचिव विनय क्वात्रा और फ्रांस की ओर से यूरोप-विदेश मामलों के मंत्रालय के महासचिव एनी मैरी डेस्कोट्स ने की। इस दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा अंतरिक्ष सहयोग, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण और अंतरिक्ष क्षेत्र आदान-प्रदान और रक्षा अंतरिक्ष औद्योगिक सहयोग पर हाल ही में हस्ताक्षरित आशय पत्र के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की।

इसके पहले सोमवार को भारत-फ्रांस ने परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के निरस्त्रीकरण और अप्रसार पर चर्चा के लिए द्विपक्षीय वार्ता की। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को फ्रांस की यूरोप-विदेशी मामलों के मंत्रालय की महासचिव एनी मैरी डेस्कोट्स के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तेजी से मजबूत हो रही है।

## सेना की पदोन्नति सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया स्पष्ट करे केंद्र : कोर्ट

▸ **महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव का लगाया गया है आरोप**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है।

वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है।

### महिलाओं की भर्ती के बाद रैंक नामकरण में बदलाव के लिए भेजा प्रस्ताव : नौसेना प्रमुख

पणजी से प्रेट्र के अनुसार नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं को नाविकों के रूप में शामिल करने के बाद रैंक नामकरण में बदलाव और उन्हें लिंग-तटस्थ बनाने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा गया है। हमने पदनामों सी-मैन, सी-मैन क्लास-1, सी-मैन क्लास-2 में बदलावों के लिए मंजूरी को लेकर रक्षा मंत्रालय को लिखा है। अब नौसेना में महिला नाविक भी हैं और महिलाएं सी-मैन नहीं हो सकतीं। हम उन्हें नौसैनिक नाम देने पर विचार कर रहे हैं जो लैंगिक रूप से तटस्थ होगा क्योंकि हम भारत सरकार की नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं।

## बच्ची के साथ नहीं किया जा सकता 'संपत्ति' की तरह व्यवहार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कस्टडी (अभिरक्षा) के मुकदमे के निपटारे के लिए लड़की के साथ 'संपत्ति' की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें एक लड़की के जैविक पिता को उसकी कस्टडी दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ लड़की की बुआ की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि लड़की अपनी बुआ के पास खुशी-खुशी रह रही है। अदालत ने गौर किया कि मार्च 2014 में पैदा हुई बच्ची लगभग तीन महीने की उम्र से ही अपने जैविक पिता की बहन के साथ रह रही है।

जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई भी पक्ष गोद लेने का दावा कर रहा है। यह केवल लड़की की कस्टडी से संबंधित विवाद है। पीठ ने कहा कि उसने लड़की से बात की और उसने कहा कि वह बुआ के साथ खुश है। लड़की इस संबंध में राय बनाने में सक्षम है। उसे संपत्ति मानकर उसके जैविक पिता को नहीं सौंपा जा सकता।

## सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल प्ले स्टोर से हटाए गए एप फिर बहाल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

▸ **भारतीय एप को फिर से बहाल करने के लिए सहमत हुआ गूगल : वैष्णव**

▸ **केंद्रीय मंत्री ने गूगल और स्टार्टअप कंपनियों के साथ की थी मुलाकात**

सरकार के हस्तक्षेप के बाद गूगल ने अपने प्ले स्टोर से हटाए गए सभी भारतीय एप को फिर से बहाल करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय आइटी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव की तरफ से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि गूगल और उन स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की जिनके एप को गूगल ने प्ले स्टोर से हटाया था। उनके साथ सकारात्मक चर्चा हुई। गूगल इस बात को लेकर राजी हो गया कि हटाए गए एप पहले की तरह प्ले स्टोर पर दिखेंगे।

वैष्णव ने कहा कि टेक्नोलाजी विकास की हमारी यात्रा को गूगल लगातार मदद देता रहा है। हमें विश्वास है कि आने वाले महीनों में स्टार्टअप कंपनियां और गूगल अपने विवाद का हल निकाल लेंगे। शुल्क के भुगतान को लेकर विवाद के कारण गूगल ने गत एक मार्च को 250 से अधिक भारतीय एप को प्ले स्टोर से हटा दिया था। इन एप में भारत मैट्रिमोनियल, नौकरी डाट काम, 99एकड़, जीवनसाथी, शादी डाट काम, कुकु एफएम जैसे एप शामिल थे।



प्रतीकात्मक

गूगल की कार्रवाई के बाद अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था कि गूगल ऐसा नहीं कर सकता। इसके बाद शनिवार और रविवार को कुछ एप बहाल किए गए थे। प्रेट्र के अनुसार गूगल ने बयान में कहा, सहयोग की भावना से हम एप को अस्थायी रूप से बहाल कर रहे हैं। इन कंपनियों के लिए भुगतान की समयसीमा बढ़ा रहे हैं। हम समाधान के लिए सहयोगात्मक प्रयास की आशा करते हैं।

## बंगाल में किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे चुनावी हिंसा : सीईसी

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता**

▸ **राजीव कुमार ने कहा-सख्ती से लागू करेंगे 'जीरो टालरेंस' की नीति**

▸ **बंगाल में आधार कार्ड बिना भी कर सकेंगे मतदान**

बंगाल में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग इस बार बेहद सख्त है। राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कोलकाता के तीन दिनी दौरे पर आई निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल में चुनावी हिंसा किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे लेकर सख्ती से 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। बंगाल में कुछ जिलों में लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय होने की शिकायत पर कहा- आधार कार्ड नहीं होने पर भी मतदान करने में समस्या नहीं होगी। अन्य 12-13 तरह के दस्तावेज में से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा।

राज्य चुनाव आयुक्त, राजनीतिक दलों, प्रवर्तन एजेंसियों व पुलिस-प्रशासन के साथ बैठकों के दौर के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा- 'लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष व हिंसा-मुक्त चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। लोग भय-मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसकी व्यवस्था की जाएगी। चुनाव की तैयारियों के बाबत हुई बैठक में जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों व पुलिस आयुक्तों को अपने अधिकार क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया के दौरान हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने को कहा गया है। पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष होकर काम करने को कहा गया है। वे अगर इसका अनुपालन नहीं करेंगे तो चुनाव आयोग को अनुपालन करवाना भी आता है।'


अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार। प्रेट्र

### प्रत्याशियों के लिए शुरू किया जाएगा 'केवाईसी'

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्याशियों को जानने के लिए 'नो योर कैंडिडेट' (केवाईसी) नामक विशेष एप शुरू किया जाएगा, जिसमें प्रत्याशियों की ओर से जमा किए गए उनके हलफनामे उपलब्ध होंगे। जिन प्रत्याशियों के खिलाफ पूर्व या वर्तमान में कोई आपराधिक मामला होगा, उन्हें अनिवार्य रूप से समाचारपत्रों और टीवी चैनलों में तीन बार उसकी जानकारी देनी होगी।

इसी तरह पार्टियों को भी अपनी वेबसाइट/इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म और एक राष्ट्रीय और एक आंचलिक समाचार पत्र के माध्यम से इस बात की जानकारी देनी होगी कि उक्त प्रत्याशी का उन्हें क्यों चयन करना पड़ा।

**चुनाव के चरणों पर चल रहा विचार :** बंगाल में एक चरण में मतदान कराने की तृणमूल की मांग पर राजीव कुमार ने कहा- 'कहां कितने चरण में मतदान होंगे, यह अभी तय नहीं किया गया है। हम इस पर होमवर्क कर रहे हैं और संबंधित पक्षों से सुझाव ले रहे हैं। सही समय पर इसकी सूचना दे दी जाएगी।'

**सभी राज्यों में भेजा जा रहा केंद्रीय बल:** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही बंगाल में केंद्रीय बल भेज दिए जाने की तृणमूल की शिकायत पर राजीव कुमार ने कहा कि सिर्फ बंगाल नहीं, सभी राज्यों में केंद्रीय बल भेजा जा रहा है। यह एक मानक संचालन प्रक्रिया है। जिला चुनाव अधिकारी, पुलिस अधीक्षक/पुलिस आयुक्त व पर्यवेक्षकों के परामर्श के आधार पर केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी। फर्जी मतदान रोकने के लिए भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**धन-बल पर भी कड़ी निगरानी :** चुनाव में धन-बल के इस्तेमाल पर भी कड़ी निगरानी रहेगी। ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नकद, शराब, मादक पदार्थ व मुफ्त उपहारों के वितरण को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। बंगाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम के एप पर एक घंटे तक ठप रहे नेटवर्क

▸ **भारत समेत कई देशों के यूजर्स ने की शिकायतें, लोगों ने शिकायत के लिए एक्स का लिया सहारा**

**नई दिल्ली, एपी :** जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म की कई सेवाएं लगभग एक घंटे तक डाउन रहीं हैं। लोगों के फेसबुक अकाउंट खुद से ही लाग आउट हो रहे थे, जबकि इंस्टाग्राम के कई फीचर्स काम नहीं कर रहे थे। इंटरनेट मीडिया मंचों के तमाम यूजरों को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने अकाउंट के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर यूजर्स के अकाउंट अचानक ही बंद नजर आने लगे। ऐसी स्थिति में इंटर मीडिया यूजरों ने अपनी समस्याओं के बारे में सूचना देने के लिए एक्स, वाट्सएप और अन्य आनलाइन मंचों का सहारा लिया।

इंटरनेट मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के अनुसार, गूगल और मेटा के विभिन्न एप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास दर्ज की गई थी। यूजरों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लाग आउट कर दिया गया और वे इनमें से किसी भी प्लेटफार्म का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे थे। इस संबंध में फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम अभी इस पर काम कर रहे हैं। वहीं जीमेल और यूट्यूब का संचालन करने वाली कंपनी गूगल की तरफ से तत्काल कोई जवाब नहीं मिला।

### मेटा के डाउन होने पर मस्क ने किया कटाक्ष

मेटा का सर्वर डाउन होने पर एलन मस्क ने मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित सेवाओं पर कटाक्ष किया। इस दौरान उन्होंने एक मीम एक्स पोस्ट किया। इसमें कैप्शन के रूप में इंस्टाग्राम, फेसबुक और थ्रेड्स की टीम का नेतृत्व करने वाले कप्तान को पेंगुइन के रूप में दिखाया गया। मस्क ने मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन की पोस्ट की छवि के साथ यह एक्स पोस्ट किया।

## भारत ने यह सुनिश्चित किया कि हिंद महासागर में कोई ताकत नहीं दिखाएगा

▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया परोक्ष संदेश**

▸ **कहा-पीएम मोदी के नेतृत्व में खतरे आंकने व निपटने का तरीका बदला**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए। नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। इसके अलावा, उन्होंने नौसैनिक कमांडरों को किसी भी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।

गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन और कर्नाटक के करवर नौसैनिक बेस के कार्यक्रमों के वर्चुअल संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था। नए भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप भी देखा जाता है।


गोवा स्थित नेवल वार कालेज के नए भवन के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत तथा नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार। एएनआइ

## आइएनएस ने न्यूजप्रिंट पर 5% सीमा शुल्क समाप्त करने की मांग की

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

▸ **भू-राजनीतिक अनिश्चितता, लाजिस्टिक लागत में बढ़ोतरी, डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में कमी और सीमा शुल्क जैसे कई कारणों से प्रकाशकों का वित्तीय भार बढ़ा**

द इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आइएनएस) ने सरकार से न्यूजप्रिंट के आयात पर लगने वाले पांच प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने का आग्रह किया है ताकि अखबार की लागत को कम किया जा सके। आइएनएस ने अपने बयान में कहा है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता, लाजिस्टिक लागत में बढ़ोतरी, डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में कमी और सीमा शुल्क जैसे कई कारणों से देश के प्रकाशकों का वित्तीय भार बढ़ गया है। बयान में कहा गया है कि रूस व यूक्रेन के बीच लड़ाई के साथ पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से वैश्विक सप्लाई चेन के साथ न्यूजप्रिंट की सप्लाई भी प्रभावित हुई है।

आइएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे में सरकार अगर न्यूजप्रिंट के आयात पर लगने वाले पांच प्रतिशत के शुल्क को वापस ले लेती है तो इससे प्रिंट मीडिया उद्योग को बड़ी राहत मिलेगी। प्रकाशक को अपनी लागत के प्रबंधन में आसानी होगी और वे जनता तक विश्वसनीय खबर व सूचनाएं निर्बाध तरीके से पहुंचाते रहेंगे। बयान के मुताबिक लाल सागर में व्यवधान की वजह से अनिवार्य वस्तुओं के साथ न्यूजप्रिंट का आयात भी प्रभावित हो रहा है। न्यूजप्रिंट सप्लायर पुराने आर्डर को रद कर रहे हैं। कई न्यूजप्रिंट मिल ने अपने संचालन को इन वजहों से निलंबित कर दिया है। डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में होने वाली गिरावट से भी प्रिंट मीडिया उद्योग की लागत में बढ़ोतरी हो रही है। आइएनएस ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को कायम रखने के लिए प्रिंट मीडिया उद्योग का जिंदा रहना सबसे जरूरी है। इंटरनेट मीडिया पर गलत सूचना के प्रसार के इस युग में प्रिंट मीडिया पाठकों में खबरों के प्रति विश्वसनीयता कायम करने का काम कर रहा है। प्रिंट मीडिया सरकार की नीति व लोक कल्याणकारी कार्यक्रम की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का काम करता है।

## हिमाचल में हाई कोर्ट ने निरस्त किया वाटर सेस अधिनियम

**आदेश**

सरकार को प्रविधानों के तहत उगाही राशि चार सप्ताह के भीतर वापस करने का आदेश, भारत सरकार के उपक्रमों और निजी कंपनियों ने कोर्ट में दायर की थी याचिकाएं

**विधि संवाददाता, शिमला**

▸ **कोर्ट ने कहा, संविधान के तहत राज्य सरकार के पास ऐसा कानून बनाने की शक्ति नहीं**

हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के प्रविधानों को असंवैधानिक ठहराते हुए निरस्त कर दिया है। हाई कोर्ट के समक्ष विद्युत उत्पादन से जुड़े भारत सरकार के उपक्रमों और निजी विद्युत कंपनियों ने याचिकाएं दायर की थीं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने 39 कंपनियों की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए अधिनियम के प्रविधानों व नियमों को रद कर दिया। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को उगाही राशि चार सप्ताह में वापस करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत प्रदेश सरकार ऐसा कानून बनाने की शक्तियां नहीं रखती। एनटीपीसी, बीबीएमबी, एनएचपीसी व एसजेवीएनएल ने दलील दी थी कि प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत उस पानी पर कर नहीं लगा सकती, जिसका उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जाना हो।



हाई कोर्ट ने दी अहम व्यवस्था।

प्रदेश सरकार केवल उत्पादित बिजली पर ही कर या सेस लगाने की शक्तियां रखती है। केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ अनुबंध के आधार पर कंपनियां राज्य को 12 से 13 प्रतिशत बिजली निश्शुल्क देती हैं। ऐसे में हिमाचल वाटर सेस अधिनियम के तहत कंपनियों से सेस वसूलने का प्रविधान संविधान के अनुरूप नहीं है।

**केंद्र सरकार ने भी दिए थे निर्देश :** कोर्ट को बताया गया था कि 25 अप्रैल, 2023 को केंद्र सरकार ने पाया था कि कुछ राज्यों में भारत सरकार के उपक्रमों पर सेस वसूला जा रहा है। केंद्र ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को निर्देश जारी कर भारत सरकार के उपक्रमों से वाटर सेस न वसूलने के लिए कहा था। आरोप लगाया था कि राज्य सरकार केंद्र के निर्देशों का पालन नहीं कर रही है। इससे पहले प्रदेश में निजी जल विद्युत कंपनियों ने भी अधिनियम को चुनौती दी थी। निजी जल विद्युत कंपनियों ने आरोप लगाया था कि वाटर सेस संविधान के प्रविधानों के विपरीत है।

**वाटर सेस से आए 34.75 करोड़, आयोग पर 1.9 करोड़ रुपये खर्च :** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय से वाटर सेस अधिनियम को निरस्त करने के बाद प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय जाने का निर्णय लिया है। राज्य जल आयोग को अब तक विद्युत कंपनियों से 34.75 करोड़ रुपये का सेस प्राप्त हुआ था, जबकि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों के वेतन पर 1.9 करोड़ का खर्च हुआ है। अब सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिलने पर ही इस आयोग का अस्तित्व बरकरार रहेगा। पिछले वर्ष आयोग ने 173 सरकारी और निजी क्षेत्र की विद्युत कंपनियों से वाटर सेस लेने के लिए प्रशासनिक कार्यवाही की थी। सभी को नोटिस दिए गए थे। जिन कंपनियों ने वाटर सेस का भुगतान किया था, उनमें से अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र की थीं। दो निजी कंपनियों ने वाटर सेस का भुगतान किया था।

पिछले वर्ष अप्रैल में प्रदेश सरकार ने 173 विद्युत उत्पादक कंपनियों को 871 करोड़ के वाटर सेस का नोटिस जारी किया था। वाटर सेस का यह बिल मार्च 2023 से जुलाई 2023 तक के पांच माह का रहा था। नोटिस में कहा गया था कि 10 दिन में कंपनियां आयोग की तरफ से दिए बैंक खातों में इसको जमा करवाएं। भुगतान के लिए दिसंबर 2023 तक तीन किस्तें चुनने का विकल्प था, लेकिन अधिकांश कंपनियों ने आयोग के नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया था।

********

### कह कर रहेंगे

माधव जोशी



**38,504** लाभार्थियों के बीच 1083 करोड़ की राशि का किया केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार के छपरा में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में। इसमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।



## न्यूज गैलरी

### स्मृति इरानी ने राहुल गांधी को दी बहस की चुनौती

**नागपुर :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संप्रग शासन के 10 वर्षों और नरेन्द्र मोदी सरकार के बीच अंतर पर बहस करने की चुनौती दी है। नागपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित नमो युवा महा सम्मेलन में स्मृति इरानी ने कहा कि अगर मेरी आवाज राहुल गांधी तक पहुंच रही है तो उन्हें कान खोलकर सुन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वह इस बारे में राहुल गांधी से चर्चा करने के लिए कहेंगी तो वह नहीं आएंगे। वह भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता के सामने भी नहीं टिक पाएंगे। (एएनआइ)

### सीएए पर प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय मांगा

**गुवाहाटी :** असम की विपक्षी पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का समय मांगा है। प्रधानमंत्री इसी सप्ताह राज्य का दौरा करेंगे। विपक्षी दल प्रधानमंत्री से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को लेकर अस्थिरता उत्पन्न होने की आशंका पर चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की अनुमति मांगने वाला पत्र भेजा है। (प्रेट्र)

### मुझे गिरफ्तार किया जा सकता है : जरांगे

**छत्रपति संभाजीनगर :** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि वह भाजपा की राह में कांटा हैं। दावा किया कि उनके खिलाफ एसआइटी जांच रिपोर्ट तैयार है। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विगत सप्ताह सरकार को एक एसआइटी गठित करने और जरांगे द्वारा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ की गई विवादास्पद टिप्पणी की जांच का निर्देश दिया था। (प्रेट्र)

### राहुल गांधी को समन जारी करेगी असम पुलिस : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि गुवाहाटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा को लेकर राज्य पुलिस कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल को पुलिस के समक्ष पेश होना होगा। हिमंत ने कहा, राहुल गांधी के पास समन भेजा जाएगा। उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद पेश होना होगा। (प्रेट्र)

### चुनावी बांड पर एसबीआइ के रुख से भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली :** चुनावी बांड के विवरण का ब्योरा देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक के कदम को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव में मोदी सरकार अपने 'संदिग्ध लेन-देन' को छिपाने के लिए सबसे बड़े सरकारी बैंक को ढाल बना रही है। (जाब्यू)

# मोदी बोले, युवाओं को बढ़ावा देने से डरती है कांग्रेस

## कहा, परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ मैंने उठाई है आवाज

### कांग्रेस में 50 साल का आदमी आगे बढ़ेगा, तो परिवार का क्या होगा

**सांगारेड्डी (तेलंगाना), प्रेट्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी अब 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को नियुक्त कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवारवादी पार्टियां उन्हें निशाना बना रही हैं, क्योंकि वह उनके हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पर्दाफाश कर रहे हैं।

मोदी ने भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कोई निजी हमला नहीं किया, बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके दोस्त अब उन्हें और उनके जनता रूपी 'परिवार' को गाली दे रहे हैं, क्योंकि वह लोगों को दी गई गारंटी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पीएम ने कहा, जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और युवाओं को नए अवसर नहीं देता है तो वे इसका जवाब नहीं देते हैं। लेकिन कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। पीएम ने कहा, कांग्रेस पहले वंशवादी नहीं थी। यह 50 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बढ़ावा नहीं देती है। यदि उसे किसी को नियुक्त करना है तो वह किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करेगी जो 75-80 वर्ष का हो, 85 वर्ष का हो। उसे डर है कि अगर 50 साल का आदमी आकर आगे बढ़ जाता है तो परिवार का क्या होगा।



ओडिशा के जाजपुर जिले में मंगलवार को चंडीखोल में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रेट्र

पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक जहां-जहां परिवार संचालित पार्टियां शासन कर रही हैं, वे राज्य बर्बाद हो गए हैं। वे परिवार जरूर मजबूत हुए हैं, लेकिन राज्य नहीं। उन्होंने जनता से सवाल किया, क्या इन परिवार द्वारा संचालित राजनीति को जारी रहने दिया जाना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार द्वारा संचालित ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह वंशवादी राजनीति की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।

**तेलंगाना में 7,200 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं :** प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को सांगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। तेलंगाना के लिए प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वह इस भावना के साथ काम करते हैं कि राज्यों का विकास ही देश का विकास है। पीएम ने कहा कि विकसित भारत के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा होना आवश्यक है। इसलिए केंद्र ने बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# कोलकाता में नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो सेवा का उद्घाटन आज

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता**

- पीएम कोलकाता में करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास
- बारासात में जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम



कोलकाता में देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन का रूट। प्रेट्र

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को फिर बंगाल का दौरा करेंगे। पीएम सुबह में कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की मेट्रो से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हुगली (गंगा) नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली बहुप्रतीक्षित मेट्रो सेवा सहित कोलकाता मेट्रो की तीन परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका पीएम उद्घाटन करेंगे। 4.8 किलोमीटर लंबी हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड मेट्रो खंड देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना हैं, जिसमें हुगली के नीचे दो सुरंगे (टनल) तैयार की गई है। नदी के नीचे से मेट्रो दौड़ेगी। परिचालन शुरू होने के बाद हावड़ा देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन भी बन जाएगा।

पीएम इसके बाद उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले पीएम की बारासात रैली को राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना चाहती है, जो आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर मुख्य रूप से महिलाओं पर केंद्रित होगी। बारासात में प्रधानमंत्री के भाषण का देशभर में भाजपा के सभी मंडलों में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा और विशेष रूप से महिला मोर्चा की कार्यकर्ता व समर्थक इसे देखेंगी। माना जा रहा है कि इस सभा से पीएम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से अत्याचार के मुद्दे पर फिर से बोलेंगे, जो देशभर में चर्चा में है।

**चार दिनों में दूसरी बार पीएम का बंगाल दौरा :** लोकसभा चुनाव से पहले चार दिनों के भीतर पीएम का यह दूसरा बंगाल दौरा होगा। इससे पहले एक व दो मार्च को दो दिवसीय बंगाल दौरे में पीएम ने राज्य में 22,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया था और दो जनसभाओं को संबोधित किया था।

**राज्य के मंत्री सुजीत बोस से पूछा दीदी कैसी हैं :** पीएम के स्वागत के लिए राज्य के मंत्री सुजीत बोस एयरपोर्ट पर मौजूद थे। प्रधानमंत्री एक आधिकारिक दौरे पर पहुंचे हैं, इसलिए प्रोटोकाल का पालन करते हुए उनका स्वागत के लिए राज्य के मंत्री पहुंचे थे। पीएम मोदी ने सुजीत बोस से पूछा कि ममता दीदी कैसी हैं।

### रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष को देखने अस्पताल पहुंचे पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल में बुधवार को प्रस्तावित कार्यक्रम व सभा के लिए मंगलवार शाम कोलकाता पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद वह सीधे दक्षिण कोलकाता के स्थित शिशु मंगल अस्पताल पहुंचे जहां पिछले कई दिनों से रामकृष्ण मिशन एवं मठ के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज भर्ती हैं। अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने महाराज के बारे में जानकारी ली। इससे पहले रामकृष्ण मिशन व मठ के अध्यक्ष स्वामी आत्मस्थानंद जी महाराज मई 2015 में जब कोलकाता के अस्पताल में भर्ती थे तो पीएम मोदी उन्हें भी देखने के लिए पहुंचे थे।

## हरियाणा की सीमा खुलते ही ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ करेंगे दिल्ली कूच : डल्लेवाल

**जासं, पटियाला :** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि पंजाब के किसान मांगें पूरी न होने पर हरियाणा की सीमा खुलते ही ट्रैक्टर-ट्रालियों में दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि बुधवार को मोर्चा से जुड़े अन्य राज्यों के किसान बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली के जंतर-मंतर पर इकट्ठा होंगे। इसके बाद देखा जाएगा कि किसानों के बारे में केंद्र सरकार की क्या नीति होती है। अभी पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बार्डर पर रुककर ही अपना संघर्ष जारी रखेंगे, क्योंकि क्योंकि केंद्र सरकार ने उन्हें ट्रैक्टर-ट्रालियां लेकर आने से मना किया हुआ है। डल्लेवाल ने साफ किया कि उनका उद्देश्य दिल्ली कूच नहीं, बल्कि किसानों की मांगों को मनवाना है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि सर्दी के इस मौसम में किसानों के लिए दिल्ली की सड़कों पर रहना मुश्किल होगा।

# योगी मंत्रिमंडल में राजभर सहित चार बनाए गए कैबिनेट मंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल का पहला विस्तार
- राज्यपाल ने चारों को राजभवन में दिलाई मंत्री पद की शपथ



लखनऊ में मंगलवार को राजभवन में आयोजित समारोह में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सुनील कुमार शर्मा (बाएं), अनिल कुमार (बाएं से दूसरे), दारा सिंह चौहान (दाएं) तथा ओम प्रकाश राजभर (दाएं से दूसरे) के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। प्रेट्र

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित विस्तार में मंगलवार को चार नए कैबिनेट मंत्रियों को जगह दी गई। लंबे समय से मंत्रिमंडल में अपनी सीट कंफर्म होने के लिए प्रतीक्षारत सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर व भाजपा एमएलसी दारा सिंह चौहान का इंतजार खत्म हो गया है तो मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद विधायक अनिल कुमार और गाजियाबाद की साहिबाबाद सीट से भाजपा विधायक सुनील कुमार शर्मा को भी शपथ दिलाई गई है। राजभवन के गांधी सभागार में शाम पांच बजे शुरू हुए शपथग्रहण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या बढ़कर अब 22 हो गई है। वहीं कुल मंत्रियों की संख्या 56 हो गई है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है। शपथ ग्रहण के बाद इंटरनेट मीडिया एक्स पर बधाई संदेश पोस्ट कर मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**राजभर और चौहान को योगी सरकार में दोबारा मिली जगह :** बसपा के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को योगी सरकार में दोबारा जगह मिली है। दोनों योगी सरकार के पहले कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री थे। विधानसभा चुनाव से पहले दोनों ने सपा का हाथ पकड़ लिया था, लेकिन अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद वापस भाजपा खेमे में आ गए।

**रालोद को एनडीए में शामिल होने का इनाम :** हाल ही में रालोद के एनडीए में शामिल होने पर भाजपा ने उसे बिजनौर और बागपत की लोकसभा सीटें दीं, वहीं उसके एक विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। जाटव बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले अनिल कुमार को मंत्री बनवा कर जयन्त चौधरी ने जाट आधारित पार्टी के सामाजिक समीकरण को व्यापक बनाने की कोशिश की है।

**रिकार्ड जीत वाले सुनील शर्मा के जरिये चला ब्राह्मण कार्ड :** भाजपा ने गाजियाबाद की साहिबाबाद सीट से तीसरी और लगातार दूसरी बार विधायक बने सुनील कुमार शर्मा को मंत्री बनाकर ब्राह्मण कार्ड चलने के साथ पिछड़ों और दलितों के अलावा अगड़ों को भी साधने की कोशिश की है। पिछले विधानसभा चुनाव में रिकार्ड 2,14,835 मतों से जीत दर्ज कराने वाले शर्मा को मंत्री पद देकर भाजपा ने यह भी साबित किया है कि वह सिर्फ दूसरे दलों से आने वाले को ही नहीं सरकार में जगह देती है, अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं का भी ध्यान रखती है।

## स्कूल आफ हैप्पीनेस व ब्रिलिएंस से रखेंगे शिक्षित पंजाब की नींव

**इन्द्रप्रीत सिंह,चंडीगढ़ :** वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा की ओर से मंगलवार को पेश किए गए 2.04 लाख करोड़ के बजट में शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। खास बात यह है कि इस बजट में सरकार का पूरा जोर शिक्षित पंजाब की तरफ रहा। इसी कारण वित्त मंत्री ने दस करोड़ रुपये की लागत से 100 प्राइमरी स्कूलों को 'स्कूल आफ हैप्पीनेस' और 100 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को 'स्कूल आफ ब्रिलियंस' में बदलने, 118 स्कूल आफ एमिनेंस खोलने और छात्रों में तकनीकी विकास के लिए स्कूल आफ एप्लाइड लर्निंग स्थापित करने की घोषणा की। 'मिशन समरथ' शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसी तरह कालेजों के लिए आगामी वित्त वर्ष के लिए 1425 करोड़ रुपये के बजट का प्रविधान किया गया है। आम आदमी क्लीनिक खोलने व मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान 1,133 करोड़ का प्रविधान किया गया है।

# पेपर लीक के बाद हटाई गईं यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को सौंपा गया प्रभार
- भर्ती बोर्ड की ओर से अब तक कोई एफआइआर नहीं कराई गई है दर्ज



रेणुका मिश्रा। फाइल

उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में शासन ने कड़ा कदम उठाया है। पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटा दिया गया है। उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। डीजी सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) राजीव कृष्ण को अध्यक्ष/ डीजी भर्ती बोर्ड का भी प्रभार सौंपा गया है। सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में हुई थी।

पेपर लीक मामले में भर्ती बोर्ड की आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। मामले में एडीजी (भर्ती बोर्ड) अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई गई थी और अभ्यर्थियों से पेपर लीक के साक्ष्य मांगे गए थे। भर्ती बोर्ड की ओर से अब तक मामले में दोषियों के विरुद्ध कोई एफआइआर भी नहीं दर्ज कराई गई है। दूसरी ओर विपक्षी दलों ने पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला था। शासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर रद करने के साथ ही पूरे मामले की जांच एसटीएफ से कराने का निर्णय किया था। इसके साथ ही छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश दिया गया था।

# एडीजी ने की परीक्षा निरस्त कराने की अपील

प्रथम पृष्ठ से आगे

प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा मंगलवार को एसओजी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने अतिरिक्त महानिदेशक सहित अन्य अधिकारियों से पर्चे लीक व डमी अभ्यर्थी परीक्षा में बिठाने सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। मीणा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मेरे पास ऐसे कई दस्तावेज हैं, जिससे साफ होता है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में किन-किन लोगों ने पर्चे लीक करने में सहयोग किया था। अतिरिक्त महानिदेशक ने मीणा से कहा, आप सरकार में हैं, परीक्षा रद करने को लेकर प्रयास करें। मीणा ने कहा, फर्जीवाड़े में पास होने वालों की संख्या 250 से अधिक हो सकती है। फर्जीवाड़े में भर्ती हुए लोगों को बर्खास्त कर के नई भर्ती निकाली जानी चाहिए। मीणा ने कहा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) भर्ती परीक्षा में भी फर्जीवाड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि आरएएस परीक्षा में टापर को 200 में से 155 अंक मिले, वहीं लीक हुए पर्चे से पास होने वाले एक परीक्षार्थी शिवा शर्मा को 145 अंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि शिवा ने कई सवालों के उत्तर ही नहीं लिखे थे, लेकिन बाद में आयोग में फर्जीवाड़े से उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिख दिए गए।

**महिला के स्थान पर पुरुष ने परीक्षा दी थी :** मीणा ने दावा किया कि एक महिला परीक्षार्थी के स्थान पर पुरुष ने परीक्षा दी थी। महिला का चयन हो गया, वह अभी आरपीए में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कांग्रेस सरकार में 50 प्रतिशत परीक्षाओं में फर्जी लोगों का चयन हुआ है।

### 'पारदर्शी बनाने वाली योजना तैयार कर रही कांग्रेस'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना तैयार कर रही है। राहुल ने उत्तर प्रदेश में हुई पेपर लीक की हालिया घटनाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश भर के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से अधिक छात्रों का सपना तोड़ा है। लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग। सभी से मिले सुझावों को मिला कर कांग्रेस युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना तैयार कर रही है। बहुत जल्द हम आपके सामने अपना विजन रखेंगे। हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे! युवाओं का भविष्य गठबंधन की प्राथमिकता है।



### श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा त्योहार

पुणे से लगभग 50 किमी. दूर वीर गांव में मंगलवार को श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा त्योहार के उल्लास के दौरान लाल रंग में सराबोर श्रद्धालु। यह त्योहार भगवान शिव के श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा अवतार एवं उनके विवाह का उत्सव है। माघ पूर्णिमा के दौरान आयोजित यह उत्सव 10 दिन चलता है। प्रेट्र

## उत्तराखंड के भाजपा विधायक का निगम में हंगामा, नगर आयुक्त से अभद्रता

**जागरण संवाददाता, देहरादून**

- परिचित की कंपनी का टेंडर निरस्त होने पर नगर निगम पहुंचे थे सल्ट विधायक महेश जीना
- नगर आयुक्त के साथ अभद्रता के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए निगम कर्मचारी

उत्तराखंड में सहस्रधारा रोड पर नगर निगम के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में कूड़ा निस्तारण का टेंडर परिचित को न मिलने से नाराज सल्ट (अल्मोड़ा) से भाजपा विधायक महेश जीना ने मंगलवार शाम देहरादून नगर निगम में जमकर हंगामा किया।

उन्होंने नगर आयुक्त (आइएएस) गौरव कुमार के कार्यालय में घुसकर उनसे गालीगलौज करते हुए अभद्रता की। विधायक ने नगर आयुक्त पर टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। विधायक के दुर्व्यवहार पर नगर आयुक्त का पारा भी चढ़ गया और उन्होंने इस्तीफा देने की भी बात कह डाली। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। देहरादून में सहस्रधारा रोड पर नगर निगम का पुराना ट्रेंचिंग ग्राउंड है। जिसे दिसंबर-2027 में बंद कर दिया गया था। हालांकि, वहां लाखों मीट्रिक टन कचरा अभी भी जमा है। इस कूड़े के निस्तारण के लिए नगर निगम ने करीब 28 करोड़ रुपये के कार्य का टेंडर पिछले दिनों निकाला था। इस मामले में सल्ट विधायक महेश जीना का कहना है कि मेरे परिचित की कंपनी को अयोग्य क्यों करार दिया गया, मैं इसका पता करने गया था। वहां सरकारी कर्मचारियों की कुर्सी पर उसी निजी कंपनी का कर्मचारी बैठा हुआ था, जिसे टेंडर मिला है। जब मैं नगर आयुक्त से टेंडर से संबंधित जानकारी लेने गया तो नगर आयुक्त ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। हम सत्ताधारी दल के विधायक हैं और यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सरकार के धन का कहीं भी दुरुपयोग न हो। कुछ विपक्षी मुझे बदनाम करने के लिए आरोप लगा रहे कि जिस कंपनी के लिए मैं नगर निगम गया था, वह मेरे बेटे की है। मेरे बेटे का कंपनी से कोई भी लेना-देना नहीं है।


## उलझा मामला

**प्रकाश आंबेडकर ने अपने दल के लिए 27 सीटों की लंबी-चौड़ी सूची एमवीए नेताओं को सौंपी, महायुति में यह मसला दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर आए अमित शाह सुलझाने वाले हैं**

# महाराष्ट्र के दोनों गठबंधनों में सीटों के लिए खींचतान

**ओमप्रकाश तिवारी, मुंबई**

आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के दोनों बड़े गठबंधन सत्तारूढ़ महायुति एवं महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों में अधिकतम सीटें पाने की खींचतान जारी है। महायुति में यह मसला दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुलझाने वाले हैं, तो एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को राकांपा संस्थापक शरद पवार के घर जाकर इस मुद्दे पर करीब डेढ़ घंटे बैठक की।



सत्तारूढ़ महायुति में सबसे बड़े दल भाजपा के साथ शिवसेना (शिंदे गुट) एवं राकांपा (अजीत गुट) शामिल है। इस गठबंधन में शामिल तो और भी कई दल हैं लेकिन, लोकसभा चुनाव में उनकी दावेदारी नहीं है। लेकिन, एमवीए में कांग्रेस, राकांपा शरदचंद्र पवार एवं शिवसेना (यूबीटी) के अलावा प्रकाश आंबेडकर, किसान नेता राजू शेट्टी और कोल्हापुर से छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज साहू जी भी कतार में हैं।

प्रकाश आंबेडकर ने तो अपने दल के लिए 27 सीटों की लंबी-चौड़ी सूची एमवीए नेताओं को सौंप दी है। स्वयं उद्धव ठाकरे भी मंगलवार को अपने दल के लिए 23 सीटों की एक सूची लेकर शरद पवार के घर गए थे। दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे बैठक चली। बताया जा रहा है कि इस बातचीत में प्रकाश आंबेडकर को दी जाने वाली सीटों पर भी चर्चा हुई है। एमवीए के नेता प्रकाश आंबेडकर को कितनी सीटों पर मना पाएंगे, यह कहा नहीं जा सकता। क्योंकि, प्रकाश आंबेडकर 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने दल को मिले वोटों के आधार पर ही सीटें मांग रहे हैं। तब प्रकाश आंबेडकर का दल वंचित बहुजन आघाड़ी राज्य की 47 सीटों पर चुनाव लड़कर 14 प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा था। वह जीत तो एक भी सीट नहीं पाए थे। लेकिन कांग्रेस को सात सीटों पर हरवाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। इसलिए एमवीए उन्हें नाराज करने की स्थिति में नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) और प्रकाश आंबेडकर की खींचतान में कांग्रेस और शरद पवार तो बोल भी नहीं पा रहे हैं।

दूसरी ओर सत्तारूढ़ महायुति में ऊपर से तो सब कुछ शांत दिखाई दे रहा है। उसके नेता कह रहे हैं कि सीट का बंटवारा जीत के समीकरण के आधार पर तय होगा। लेकिन, शिवसेना शिंदे गुट ने 22 सीटों की सूची सामने रख दी है। दरअसल, असली शिवसेना का दर्जा एवं चुनाव चिह्न पा चुके मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के भाव बढ़ चुके हैं। पिछले वर्ष शिवसेना में हुई टूट के बाद पार्टी के 18 में से 13 सांसद उनके साथ आ चुके हैं। चूंकि, 2019 में शिवसेना राज्य की 23 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसलिए, वह अपने साथ आ चुके सांसदों के अलावा नौ और सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसी प्रकार राज्य के दूसरे उप मुख्यमंत्री अजीत पवार भी अपने दल के लिए 10 सीटों की मांग रख रहे हैं।

जबकि, भाजपा अपने इन दोनों साथियों को लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर ही मना लेना चाहती है। छह माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में भले वह उन्हें अधिक सीटें देकर अपने साथ रखे। मंगलवार को महाराष्ट्र पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपनी पार्टी के अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं उप मुख्यमंत्री अजीत पवार से भी बातचीत होने की संभावना है। माना जा रहा है कि दोनों गठबंधनों में सीटों का मसला बुधवार को सुलझा लिया जाएगा।

********

राष्ट्रीय संस्करण
बिजनेस
दैनिक जागरण
बुधवार 6 मार्च, 2024
www.jagran.com

## एअर इंडिया-विस्तारा के विलय को सिंगापुर की मंजूरी

**नई दिल्ली :** सिंगापुर के प्रतिस्पर्धा नियामक ने मंगलवार को एअर इंडिया और विस्तारा के विलय को सशर्त मंजूरी दे दी। इस विलय की नवंबर 2022 में घोषणा की गई थी। विलय के तहत सिंगापुर एयरलाइंस एअर इंडिया की 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। विस्तारा सिंगापुर एयरलाइंस और टाटा समूह का संयुक्त उपक्रम है। सिंगापुर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया जारी है। (प्रेट्र)



30 लाख रुपये से ज्यादा मूल्य वर्ग के सेगमेंट में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के साथ हम इस वर्ष के अंत तक भारत के 90 प्रतिशत ईवी बाजार में पहुंच की योजना बना रहे हैं।
— संजय गोपालकृष्णन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, बीवाईडी इंडिया

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,677.13 | ▼ 195.16 |
| निफ्टी | 22,356.30 | ▼ 49.30 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 65,000 | ▲ ₹800 |
| चांदी प्रति किलोग्राम | ₹ 74,900 | ▲ ₹900 |
| डालर | ₹ 82.90 | बदलाव नहीं |
| क्रूड (ब्रेंट) प्रति बैरल | $ 82.63 | |

## एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री ने समर्पित किए 201 सीएनजी स्टेशन

**नई दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को 17 राज्यों में स्थित 201 सीएनजी स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कंपनियों से ग्राहकों तक लाभ पहुंचाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों की ओर से जमा की गई कार्ययोजना के अनुसार, 2030 तक देश में करीब 17,500 सीएनजी स्टेशन और 12 करोड़ पीएनजी कनेक्शन होंगे। (एएनआइ)

### आरबीआइ के उद्गम पोर्टल से अब तक 30 बैंक जुड़े

**नई दिल्ली:** आरबीआइ ने मंगलवार को बताया कि बिना दावे वाली राशि की जांच के लिए उसके पोर्टल उद्गम से अब तक 30 बैंक जुड़ चुके हैं। बिना दावे वाली करीब 90 प्रतिशत राशि इन्हीं बैंकों से जुड़ी है। यह पोर्टल ग्राहकों को विभिन्न बैंकों में जमा बिना दावे वाली राशि की एक ही प्लेटफार्म के जरिये जांच करने की सुविधा देता है। (प्रेट्र)

### ब्लूमबर्ग के इंडेक्स में शामिल होंगी सरकारी प्रतिभूतियां

**नई दिल्ली :** ब्लूमबर्ग ने अपने उभरते बाजार (ईएम) इंडेक्स में भारत सरकार की प्रतिभूतियों को 31 जनवरी 2025 से शामिल करने की घोषणा की है। इस कदम से सरकार की कर्ज लागत में कमी आएगी। ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह भारत के वित्तीय बाजारों के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक अनुमान के अनुसार, इससे अगले दो वर्षों में सरकारी प्रतिभूतियां 40 अरब डालर का विदेशी फंड आकर्षित कर सकेंगी। (प्रेट्र)

### सेबी ने पीसी ज्वेलर्स को दिया कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पीसी ज्वेलर्स को लिस्टिंग और डिस्क्लोजर से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस खातों के एनपीए होने, कानूनी मामले और समाधान योजना की जानकारी को लेकर दिया गया है। कंपनी का कहना है कि उसने तिमाही नतीजों में पूरी जानकारी दे दी थी। (आइएएनएस)

# 2023 में महिलाओं ने लिया 19% ज्यादा लोन

## कारोबारी और शिक्षा को छोड़कर सभी लोन श्रेणी में वृद्धि

**रिपोर्ट**



- पिछले वर्ष महिलाओं को पर्सनल लोन का औसत आकार 80 हजार रुपये रहा
- महिलाओं की ओर से लिए गए पर्सनल लोन में 2023 में 52 प्रतिशत की वृद्धि रही

**मुंबई, प्रेट्र :** 2023 में महिलाओं की ओर से लिए गए लोन में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। इस दौरान कुल लोन वितरण में 17 प्रतिशत की वृद्धि रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले क्रेडिट इन्फार्मेशन कंपनी क्रिफ हाई मार्क की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष पर्सनल और दोपहिया लोन में 26 प्रतिशत की सबसे ज्यादा वृद्धि रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में महिलाओं पर बकाया कुल लोन की राशि बढ़कर 30.95 लाख करोड़ रुपये रही है जो 2022 में 26 लाख करोड़ रुपये थी। पिछले वर्ष कारोबारी और शिक्षा लोन को छोड़कर सभी श्रेणियों में महिलाओं को लोन वितरण में वृद्धि रही है। महिलाओं को कारोबारी और शिक्षा लोन में क्रमशः 19 व एक प्रतिशत की कमी रही है। पिछले वर्ष महिलाओं को पर्सनल लोन में 52 प्रतिशत और संपत्ति गिरवी रखकर लोन लेने में 39 प्रतिशत की वृद्धि रही है। 2023 में महिलाओं पर बकाया पर्सनल लोन की राशि 26 प्रतिशत बढ़कर 12.76 लाख करोड़ रुपये रही है। पिछले वर्ष आरबीआइ ने पर्सनल लोन जैसे असुरक्षित लोन को लेकर चिंता जताई थी। साथ ही ऐसे लोन पर आरबीआइ ने बैंकों के लिए जोखिम भार को बढ़ा दिया था। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, पिछले वर्ष बड़ी संख्या में संभावित जोखिम वाले 50 हजार रुपये से कम के लोन वितरित किए हैं। महिलाओं को पर्सनल लोन का औसत आकार 80 हजार रुपये रहा है।

### बड़ी संख्या में उद्यमी बनना चाहती हैं कामकाजी महिलाएं

**मुंबई, प्रेट्र :** आनलाइन मार्केटप्लेस इंडियालेंड्स के अनुसार, बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाएं उद्यमी बनने और अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती है। महानगरों, टियर-1 और टियर-2 शहरों की 24-55 आयु वर्ग की 10,000 से अधिक कामकाजी महिलाओं के बीच किए गए एक सर्वे के मुताबिक 76 प्रतिशत ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की इच्छा व्यक्त की है। सर्वे में शामिल 68 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने कहा कि वे अपनी कंपनी के खातों को स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करती हैं और उनमें से केवल 32 प्रतिशत ही इसके लिए पेशेवरों/पतियों/परिवार के सदस्यों का सहारा लेती है। जब उनके निवेश व्यवहार की बात आती है तो 68.7 प्रतिशत उद्यमी महिलाएं अपना पैसा स्वयं निवेश करती हैं।

## अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं की संख्या अधिक

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मंगलवार को कहा कि जिन कंपनियों की रेटिंग अच्छी है, उनके निदेशक मंडल में महिलाओं की संख्या अधिक है। मूडीज द्वारा 3,138 कंपनियों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि बीए और उससे ऊपर रेटिंग वाली कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं की हिस्सेदारी औसतन 29 प्रतिशत है जो 2023 के मुकाबले एक प्रतिशत अधिक है। हालांकि बीए और उससे नीचे रेटिंग वाली कंपनियों के निदेशक मंडल में औसतन 24 प्रतिशत महिलाएं हैं और पिछले वर्ष भी यही आंकड़ा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विकसित देशों में स्थित कंपनियों के बोर्ड में लिंग विविधता और क्रेडिट रेटिंग के बीच एक संबंध दिखाई पड़ता है, लेकिन विकासशील देशों में स्थिति कंपनियों में ऐसा नहीं है।



रिपोर्ट में एएए रेटिंग वाली 24, एए रेटिंग वाली 146, ए रेटिंग वाली 728, बीएए रेटिंग वाली 1,165, बीए रेटिंग वाली 582, बी रेटिंग वाली 394 और सीएए रेटिंग वाली 90 कंपनियों को शामिल किया गया है। मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बोर्ड में शामिल महिलाओं और उनके द्वारा व्यक्ति की गई राय एक अच्छे कारपोरेट गवर्नेंस का प्रतिनिधित्व करती है और यह क्रेडिट गुणवत्ता के लिए सकारात्मक है। यूरोपीय कंपनियों के निदेशक मंडल में महिलाओं की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत है जो 2023 में 33 प्रतिशत थी। उत्तरी अमेरिकी कंपनियों के निदेशक मंडल में महिलाओं की हिस्सेदारी 29 से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई।

# पिछले वर्ष बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत रही

- 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर पिछले तीन सालों में सबसे कम
- मार्च, 2020 में देश के महामारी की चपेट में आने के बाद से रोजगार की स्थिति में सुधार हो रहा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बेरोजगारी दर 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई। यह पिछले तीन सालों में सबसे कम है। कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, 2022 में बेरोजगारी दर 3.6 प्रतिशत थी जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4.2 प्रतिशत था। मार्च, 2020 में देश के महामारी की चपेट में आने के बाद से रोजगार की स्थिति में सुधार हो रहा है।

सर्वे से पता चलता है कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर 2022 के 3.3 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत हो गई। 2021 में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत था। इसी तरह पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर भी 2022 के 5.7 प्रतिशत और 2021 के 6.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में 5.2 प्रतिशत हो गई। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 में 2.8 प्रतिशत और 2021 में 3.3




प्रतिशत से घटकर 2023 में 2.4 प्रतिशत पर आ गई। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 2022 में 52.8 प्रतिशत और 2021 में 51.8 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 56.2 प्रतिशत हो गई। श्रम बल जनसंख्या उस हिस्से का पता चलता है, जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए श्रम की आपूर्ति करता है या आपूर्ति की पेशकश करता है।

# ज्यादा नियामकीय घेराबंदी नुकसानदायक

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** दिग्गज बैंकर उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि बहुत अधिक नियामकीय घेराबंदी आर्थिक वृद्धि को बाधित कर सकती है और एक विकसित राष्ट्र की ओर भारत की यात्रा को बाधित कर सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियामकों को बहुत अधिक रूढ़िवादी और सतर्क नहीं होना चाहिए। इसकी जगह संबंधित क्षेत्रों में आकस्मिक घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'मैं भारत के भविष्य के बारे में बहुत आशावादी हूं, लेकिन मैं इस बात को लेकर भी बहुत सचेत हूं कि घेराबंदी के बिना अवसरों को पाने की बेलगाम कोशिश जोखिम पैदा कर सकती है और इसी तरह बहुत अधिक घेराबंदी से भी हम वहां (विकसित देश) तक नहीं पहुंच पाएंगे।' कोटक ने कहा कि अगले 20-25 वर्षों में 7.5-8 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण जरूरी है। यदि भारतीय अर्थव्यवस्था को बदलना है तो हमें अपनी अपनी उद्यमशीलता और रचनात्मक भावनाओं की रक्षा और पोषण करने की बहुत जरूर है।


उदय कोटक

**दिग्गज बैंकर उदय कोटक ने कहा, अगले 20 से 25 वर्षों के दौरान तेज आर्थिक वृद्धि के लिए क्षमता निर्माण जरूरी**

### नियामकीय भागीदारी काफी महत्वपूर्ण : विजय शेखर

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** फिनटेक फर्म वन97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक मामले के बाद पहली बार नियामकीय भागीदारी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। जापान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने वन97 कम्युनिकेशंस को एशिया की दिग्गज कंपनी बनाने के लिए अपना दृष्टिकोण भी साझा किया। उन्होंने कहा कि अस्पष्टता कारोबार में तनाव लाती है। चीजें बहुत तेजी से बड़ी और प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण हो जाती हैं। हम अपने नियामक को इसमें शामिल होते हुए बहुत खुशी से देख पाए हैं। हाल में आरबीआइ ने पेटीएम पेमेंट बैंक को 15 मार्च के बाद ग्राहकों के साथ नए लेनदेन करने से रोक दिया है।

## 800 रुपये बढ़कर नए शिखर पर पहुंचा सोना

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** मजबूत वैश्विक संकेतों के दम पर घरेलू बाजार में मंगलवार को सोना 800 रुपये बढ़कर 65 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, दिल्ली में चांदी में भी 900 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है और अब यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना एक प्रतिशत बढ़कर 2,110 डालर प्रति औंस और चांदी भी बढ़कर 23.88 डालर प्रति औंस पर पहुंच गई है। दूसरी ओर, आइटी और एफएमसीजी क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली के चलते बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स चार दिनों की वृद्धि के बाद मंगलवार को 195.16 अंक गिरकर 73,677.13 के स्तर पर बंद हुआ।

# सेवा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में फरवरी के दौरान रही गिरावट

- बिक्री में नरमी से सेवा क्षेत्र का पीएमआइ इंडेक्स गिरा
- सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में बढ़ोतरी हुई

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ विस्तार, जबकि 50 से कम संकुचन को दर्शाता है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, 'भारत की सेवा पीएमआइ से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है।' सर्वे के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा, हालांकि यह पहले के मुकाबले थोड़ा कमजोर पड़ गया। लैम ने आगे कहा कि इनपुट कीमतों की वृद्धि दर कम होने से सेवाओं के बदले ली जाने वाली कीमतें 24 महीनों में सबसे धीमी दर से बढ़ीं। एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआइ आउटपुट इंडेक्स जनवरी में छह महीने के उच्चस्तर 61.2 से गिरकर 60.6 पर आ गया, जो विस्तार में नरमी का संकेत देता है।

## जेएम फाइनेंशियल पर शेयर की एवज में लोन देने पर लगाई रोक

**मुंबई, प्रेट्र :** नियमों का उल्लंघन करने वाली फिनटेक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर आरबीआइ की सख्ती जारी है। अब केंद्रीय बैंक ने जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड को शेयर, डिबेंचर और आइपीओ पर किसी भी प्रकार का लोन मंजूर और वितरण करने पर रोक लगाई गई है। आरबीआइ ने मंगलवार को कहा कि कंपनी अपने मौजूदा लोन खातों से संग्रह और अन्य कार्य जारी रख सकती है।

आरबीआइने कहा कि कंपनी की ओर से आइपीओ और गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूति (एनसीडी) के लिए लोन मंजूरी में कुछ गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। सेबी की सूचना की समीक्षा के बाद यह रोक लगाई गई है।

## राष्ट्रीय फलक

## न्यूज गैलरी

### कर्नाटक में तेजाब पीड़िताओं को चार-चार लाख रुपये मुआवजा

**मंगलुरु :** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को दक्षिण कन्नड़ जिले में कडाबा स्थित सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी (पीयू) कालेज में तेजाब हमले की शिकार तीन छात्राओं को मुआवजे के रूप में चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने अस्पताल में भर्ती तीनों छात्राओं से मुलाकात की। मुआवजे के अलावा उनकी चिकित्सा का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। (प्रेट्र)

### केरल में एक ही परिवार के पांच सदस्य घर में मृत मिले

**पाला :** केरल के कोट्टायम जिले के पाला क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच सदस्य एक घर में मृत पाए गए। मरने वालों में तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि घर का मुखिया जयसन पेशे से ड्राइवर है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने आशंका जताई कि जयसन ने अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। (एएनआइ)

### केरल में छात्र की मौत को लेकर डीन, सहायक वार्डन निलंबित

**वायनाड :** पूकोडे पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान कालेज के डीन एमके नारायण और सहायक वार्डन आर कांतनाधन को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति पीसी शशींद्रन ने सिद्धार्थथन जेएस की आत्महत्या को लेकर यह कदम उठाया है। आत्महत्या में सत्ताधारी माकपा के छात्र संगठन एसएफआइ का हाथ होने के आरोप में पूरे केरल में हंगामा हुआ है। (प्रेट्र)

### आइएसआइ को सूचनाएं देने वाले को छह साल की सजा

**लखनऊ :** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को भारतीय सेना की सूचनाएं देने वाले मो राशिद को छह साल की सजा और सुनाने के साथ ही छह हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एनआइए विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दिए। राशिद को पाकिस्तान निवासी उसकी प्रेमिका से कराने व पैसे का लालच देकर जाल में फंसाया था। (जासं)

# भारत से चीन में इंसानी बाल की तस्करी में मिले हवाला साठगांठ के सुराग

- ईडी ने फरवरी 2022 में हैदराबाद व मिजोरम में छापेमारी की थी
- मनी लांड्रिंग मामले की विशेष अदालत ने ईडी के साक्ष्यों का संज्ञान लिया

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ईडी ने एक हवाला साठगांठ का भंडाफोड़ किया है जिसके तहत भारत से चीन और अन्य देशों में इंसानी बाल की तस्करी से कमाए धन का इस्तेमाल म्यांमार से सुपारी तस्करी के लिए किया जाता था। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि इंसानी बाल की तस्करी की मनी लांड्रिंग जांच के दौरान यह साठगांठ सामने आई।

ईडी ने पिछले साल अगस्त में हैदराबाद के नामपल्ली में मनी लांड्रिंग मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था जिसमें कथित साठगांठ के साक्ष्य रिकार्ड में लाए गए। ईडी ने सोमवार को बताया, विशेष अदालत ने एक मार्च को मिजोरम के चम्फाई जिले के निवासी लुकास थांगमंगलियाना, हैदराबाद की कंपनी नायला फैमिली एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और 16 अन्य आरोपितों के खिलाफ दायर अभियोजन शिकायत और ईडी के साक्ष्यों का संज्ञान लिया। हैदराबाद पुलिस द्वारा नायला फैमिली एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने इस मामले में मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है। ईडी के मुताबिक पुलिस ने कंपनी के विरुद्ध इंसानी बाल निर्यात करने के लिए ''बेनामी'' आयात निर्यात कोड (आइईसी) का इस्तेमाल करने, फर्जी पहचान के आधार पर धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज का उपयोग करने के आरोप लगाए हैं। इसके अलावा हैदराबाद हवाईअड्डे से और मिजोरम में भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भूमि मार्ग से म्यांमा, बांग्लादेश, वियतनाम और चीन में इंसानी बाल की तस्करी के आरोप भी हैं। जांच में पाया गया कि भारत से म्यांमार तक इंसानी बाल और उर्वरकों की तस्करी के लिए थांगमंगलियाना ने मिजोरम में अंतरराष्ट्रीय सीमा को अवैध तरीका अपनाया। उसने म्यांमार से भारत में सुपारी की तस्करी में म्यांमार के निवासियों की भी मदद की और हवाला नेटवर्क के माध्यम से नकद भुगतान की व्यवस्था की। थांगमंगलियाना द्वारा संचालित ''हवाला नेटवर्क के माध्यम से भुगतान'' की प्रणाली के बारे में बताया गया है कि थांगमंगलियाना के सहयोगियों को भारत से म्यांमार में तस्करी करके लाए गए इंसानी बाल और उर्वरकों के खरीदारों से क्यात (म्यांमा की मुद्रा) में भुगतान मिलता था। म्यांमार से तस्करी की गई सुपारी के लिए वे स्थानीय भारतीय खरीदारों से रुपये में भुगतान लेते थे। भारत में सुपारी के खरीदारों से जो रुपये में भुगतान होता था, उससे इंसानी बालों के भारतीय विक्रेताओं को भुगतान किया जाता था। इस मामले में ईडी ने फरवरी 2022 में हैदराबाद और मिजोरम में विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 1.21 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई थी। ईडी ने 100 से अधिक बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगा दी थी जिनमें 7.85 करोड़ रुपये जमा थी।


ईडी ने किया साठगांठ का भंडाफोड़। फाइल

### अवैध आव्रजन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामलों में ईडी ने फिर की छापेमारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ईडी ने भारतीयों को अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में भेजने वाले अवैध आव्रजन से संबंधित मनी लांड्रिंग मामलों में दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के 29 ठिकानों पर छापेमारी की। सभी स्थानों पर गत एक मार्च को तलाशी अभियान चलाया गया। गत जनवरी और फरवरी में भी ईडी ने अवैध आव्रजन के मामले में दिल्ली और गुजरात के 21 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने बताया, आरोपितों, उनके सहयोगियों, आव्रजन सलाहकारों और लेखा परीक्षकों के परिसरों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान प्रापर्टी से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, कई असली पासपोर्ट, अज्ञात लोगों के पहचान पत्र और दो लग्जरी वाहनों को जब्त किया गया। आरोपितों, संदिग्धों, उनके सहयोगियों, रिश्तेदारों और उनकी कंपनियों के 50.10 लाख रुपये वाले बैंक खाते फ्रीज किए गए हैं। ईडी का यह मामला गुजरात पुलिस द्वारा भरतभाई उर्फ बाबी पटेल, राजूभाई बेचारभाई प्रजापति, भावेश अशोक भाई पटेल और कुछ अन्य मुख्य आरोपितों के खिलाफ दर्ज तीन मुकदमों से उपजा है।

## रेलवे में तैनात दिव्यांग कर्मचारियों के तबादले पर रोक

**जासं, अंबाला :** रेलवे ने कुछ शर्तों के साथ दिव्यांग कर्मचारियों को तबादला या रोटेशनल तबादला से बाहर किया है। इस संबंध में सभी जोन के महाप्रबंधक को लेटर जारी किया गया है। अब पर्सनल विभाग ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार करेगा। ऐसे दिव्यांग कर्मचारी, जिनके परिवार के सदस्य उन पर आश्रित हैं और किसी बीमारी के चलते उनको देखभाल की जरूरत है तो उनको तबादले के नियमों में राहत मिलेगी। निर्देशों में रेलवे बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा साल 2023 में दिए गए एक फैसले का भी जिक्र किया गया है। ऐसा ही एक केस दिल्ली हाईकोर्ट में भी आया था, जिसमें छत्तीसगढ़ तबादला किए गए एक दिव्यांग कर्मचारी ने अपील दायर की थी। उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने स्थानांतरण के आदेश रद कर दिए गए थे।

# पीएफए के पदाधिकारी ने कहा- मुझ पर हो सकता है मूसेवाला जैसा हमला

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम**

**एल्विश सांप प्रकरण**

एल्विश सांप प्रकरण में मंगलवार को सुनवाई से पहले याचिकाकर्ता ने जिला अदालत को मामले की पैरवी के दौरान अपने ऊपर जानलेवा हमला होने के डर से लंबी तारीख लगाने के लिए पत्र लिखा है। मामले में मंगलवार को अदालत में सुनवाई होनी थी। अब 28 मार्च को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज राणा की अदालत में चल रही है।

मंगलवार सुबह पीएफए के पदाधिकारी सौरभ गुप्ता ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज राणा को पत्र लिखकर कहा कि उनके ऊपर जानलेवा हमला हो सकता है। अदालत में मामले की पैरवी के लिए आने-जाने के दौरान सिद्धू मूसेवाला व नफे सिंह जैसा हमला हो सकता है। कुछ समय पहले ही उन्होंने वन्य जीव तस्करी और रेव पार्टी में सांपों का जहर बेचने के मामले दर्ज कराए हैं। उन्होंने यह पत्र पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के साथ ही गुरुग्राम के जिला सत्र एवं न्यायाधीश सूर्य प्रताप सिंह को भेजा है। उन्होंने हरियाणा पुलिस और उप्र को अपनी सुरक्षा के लिए लिखा है। कहा कि वे पुलिस की सुरक्षा न मिलने तक इस मामले में पैरवी करने में असमर्थ हैं। बता दें कि 32 बोर गाने में एल्विश यादव के पास विदेशी नस्ल के सांप दिखे थे। इसको लेकर उन्होंने एल्विश पर केस दर्ज करने की मांग की है।


एल्विश यादव के हाथ में सांप। जागरण आर्काइव

## चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल सुलह को तैयार

**राज्य ब्यूरो, रांची :** चेक बाउंस की आरोपित फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के मामले में न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान उनके अधिवक्ता ने शिकायतकर्ता से सुलह करने की बात कही। इस पर शिकायतकर्ता के वकील विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने अदालत में कहा कि कागज पर हस्ताक्षर कर भेजने से नहीं, बल्कि यहां उपस्थित होकर बताना होगा। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि छह मार्च निर्धारित की है।

मामले में शिकायतकर्ता का बयान दर्ज होने के बाद अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर का बयान दर्ज किया जाना है। इसके लिए दोनों को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज करने की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन दोनों नहीं आए। बता दें, रांची के अरगोड़ा निवासी अजय सिंह ने देसी मैजिक नामक फिल्म बनाने के नाम पर अमीषा पटेल को दो करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन फिल्म नहीं बनी। इसके बाद अमीषा से पैसे वापस मांगा गया। वापसी के लिए जो दो चेक दिए, वह बाउंस कर गया।

# खाने के साथ बोतलबंद पानी देना मानसिक प्रताड़ना

**बलवान शर्मा, नारनौल**

- उपभोक्ता फोरम ने होटल हाईवे किंग के संचालक पर लगाया 60 हजार रुपये जुर्माना
- शिकायतकर्ता को जग में पानी न देकर जबरन दिया बोतलबंद पानी, जीएसटी भी वसूला

दिल्ली जयपुर हाइवे पर निमराना स्थित होटल हाई-वे किंग को नारनौल के एक उपभोक्ता को खाने के साथ निश्शुल्क पानी के बजाय बोतलबंद थोपना महंगा पड़ गया है। जिला उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला देते हुए पानी की बोतल की एवज में वसूले गए 19.5 रुपये नौ प्रतिशत सालाना ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही होटल संचालक को शिकायतकर्ता को मानसिक प्रताड़ना पहुंचाने की एवज में 40 हजार रुपये और 20 हजार रुपये वकील खर्च के रूप में भुगतान करना होगा। उपभोक्ता फोरम का यह फैसला नजीर के रूप में देखा जा रहा है। इस तरह की समस्याएं होटलों में खाना खाने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं के सामने भी आती हैं। शिकायतकर्ता एडवोकेट साकेत मक्कड़ के अनुसार, वह अपने साथी अधिवक्ता नवनीत और मालाराम और दो अन्य साथियों के दो जनवरी 2022 को दिल्ली जा रहे थे। वह निमराना रुके और होटल हाई-वे किंग में खाना खाने पहुंचे। उन्होंने होटल के वेटर से पीने के लिए पानी मांगा। वेटर ने उन्हें जग में पानी देने की बजाए बोतलबंद पानी दे दी। शिकायतकर्ता ने वेटर से पानी का जग देने की बात कही तो वेटर ने यह पानी देने से मना कर दिया और कहा कि इस तरह की कोई सुविधा नहीं है। साथ ही पानी की बोतल का अलग से शुल्क देना होगा। उन्होंने होटल के कर्मचारियों को इसकी शिकायत की तो उन्होंने भी मुफ्त में पानी देने की सुविधा नहीं होने की बात की। खाना खाने के बाद होटल के मैनेजर ने पानी की बोतल के एवज में 19.5 रुपये जीएसटी सहित चार्ज कर लिए। इसका विरोध किया गया पर कोई समाधान नहीं दिया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोपित होटल संचालक को पहले कानूनी नोटिस भेजे और इसके बाद 29 अगस्त, 2022 को उन्होंने उपभोक्ता फोरम में केस फाइल कर दिया। इस मामले की सुनवाई करते हुए फोरम ने होटल हाई-वे किंग पर जुर्माना लगाया है।



जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, नारनौल। जागरण आर्काइव

********

**27** फरवरी से श्रीलंका की सद्भावना यात्रा पर पहुंचे भारतीय युद्धपोत समर्थ और अभिनव मंगलवार को कोलंबो बंदरगाह से रवाना हो गए। भारतीय तटरक्षक के अनुसार, युद्धपोतों ने यात्रा के दौरान श्रीलंका तटरक्षक के साथ विभिन्न स्तर पर संवाद किया और समुद्री प्रदूषण पर केंद्रित संयुक्त प्रशिक्षण आदि कई गतिविधियों में भाग लिया।



# गाजा में युद्धविराम पर नहीं बन सकी बात, काहिरा में वार्ता का समय बढ़ा

## रमजान करीब होने से तीसरे दिन समझौते की उम्मीद में रुके फलस्तीनी वार्ताकार

### बोले, 40 दिन के युद्धविराम के साथ कुछ बंधकों को छोड़े जाने का है प्रस्ताव

**जीवित बंधकों की सूची सौंपने की मांग को लेकर वार्ता में शामिल नहीं है इजरायल**



गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली हमले में घर ध्वस्त होने के बाद मलबे से सामान को निकालता व्यक्ति। एएफपी

**काहिरा, रायटर :** मिस्र की राजधानी काहिरा में युद्धविराम के लिए हमास के साथ चल रही वार्ता में मंगलवार तक कोई नतीजा नहीं आ सका। समय सीमा खत्म होने के बाद भी हमास के वार्ताकार तीसरे दिन भी काहिरा में किसी समझौते की उम्मीद में मौजूद हैं। मुस्लिमों का पवित्र महीना रमजान करीब होने के कारण हमास कुछ बंधकों की रिहाई बदले युद्धविराम चाहता है। वार्ता में मध्यस्थ के रूप में मिस्र, कतर और अमेरिका के अधिकारी शामिल थे लेकिन इजरायल कुछ शर्तें पूरी न होने से भाग नहीं ले रहा था।

युद्धविराम को लेकर काहिरा में सोमवार को वार्ता शुरू हुई थी। पहले चरण में 40 दिन के युद्धविराम के साथ दर्जनों बंधकों को छोड़े जाने का प्रस्ताव है। मिस्र के सुरक्षा सूत्रों ने सोमवार को कहा था कि वह बिना इजरायली प्रतिनिधि के भी वार्ता को जारी रखने को लेकर इजरायल के संपर्क में है। अमेरिका पहले ही कह चुका है कि गाजा में लोगों को अमानवीय स्थिति से निकालने के लिए छह हफ्ते का युद्धविराम जरूरी है।

हमास के वरिष्ठ अधिकारी बासेम नईम ने कहा, वार्ता के दौरान हमास की ओर से मध्यस्थों के सामने युद्धविराम का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अब इजरायल की ओर से इसपर प्रतिक्रिया का इंतजार है। उन्होंने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समझौते के इच्छुक नहीं हैं, गेंद अब अमेरिका के पाले में है कि वह इजरायल पर वार्ता के लिए दबाव डाले। वहीं, इजरायल ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इन्कार किया है। सूत्रों के अनुसार, इजरायल ने जीवित बंधकों के नामों की पूरी सूची न मिलने के कारण वार्ता में शामिल न होने का फैसला लिया था। नईम ने कहा कि यह बिना युद्धविराम के यह असंभव है।

**यूएन को इजरायल महिलाओं से यौन हिंसा के साक्ष्य मिले :** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इजरायल में सात अक्टूबर, 2023 को हुए हमले में इजरायली महिलाओं के जघन्य यौन शोषण के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। संघर्ष में यौन हिंसा के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत प्रमिला पैटन के नेतृत्व में एक टीम को यह मानने के लिए उचित आधार मिला कि हमास ने दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न किया है। पैटन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में रिपोर्ट पेश की। टीम ने कहा, उसने किसी भी पीड़िता से मुलाकात नहीं की। हालांकि, उसने पीड़िताओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकांश साक्ष्य परिस्थितिजन्य हैं। इधर, इजरायली इतिहास में पहली बार एक महिला हर्जी हलेवी को इजरायली वायु सेना बेस की कमान सौंपी गई है। इजरायली रक्षा बलों ने सोमवार को घोषणा की कि उसे केवल उसकी रैंक और उसके नाम के पहले अक्षर लेफ्टिनेंट कर्नल ''गिम्मेल'' से पहचाना जा सकता है।

### खान यूनुस में इजरायली हमले में 17 की मौत

गाजा में युद्धविराम के प्रयासों के बीच इजरायली हमले जारी हैं। दक्षिणी गाजा के खान यूनुस में इतरायल के हवाई हमले में मंगलवार को 17 लोगों की मौत हो गई है। नागरिक सुरक्षा ने बचावकर्मियों के फुटेज प्रसारित किए हैं, जिसमें एक घर के मलबे से मृत और घायल लोगों को निकाला जा रहा था। जिसमें एक बच्चा भी शामिल था जिसके चेहरे पर खून लगा था और वह हिल नहीं रहा था। पास के यूरोपीय अस्पताल ने मंगलवार को कहा कि उसे रात भर में 17 शव मिले हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, युद्ध में अब तक 30,631 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 72,043 लोग घायल हुए हैं।

# हिजबुल्ला के हमले में एक भारतीय की मौत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

लेबनान से सोमवार को दागी गई मिसाइल में एक भारतीय की मौत और दो भारतीयों के घायल होने के बाद तेलअवीव स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एडवाइजरी जारी की है। दूतावास ने कहा, मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए इजरायल में रहने वाले सभी भारतीयों को खासतौर पर उत्तरी व दक्षिणी सीमावर्ती इलाकों में रहने वालों को या वहां काम पर जाने वाले भारतीयों को सुरक्षित इलाकों में जाने का सुझाव दिया जाता है। भारत इजरायल के सुरक्षा अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है ताकि सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सोमवार को दोपहर 11 बजे मार्गोलियट में एंटी टैंक मिसाइल हमले में केरल निवासी 30 वर्षीय निबिन मैक्सवेल की मौत हो गई थी जबकि बुश जोसेफ जार्ज और पाल मेल्विन नाम के दो भारतीय मजदूर घायल हो गए। इस इलाके में कई भारतीय खेतों में काम करते हैं। उधर, नई दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास ने कहा है कि लेबनान के शिया आतंकी संगठन हिजबुल्ला की तरफ से किए गए हमले की जद में आने से एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। यह भारतीय मार्गोलियट इलाके में काम कर रहा था। इजरायल ने कहा कि वह घायल भारतीयों की पूरी मदद करेगा। इजरायली दूतावास ने कहा, वह घटनाक्रम से बेहद दुखी है और उसने मृतक व घायल लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। हिजबुल्ला के हमले में मारे गए केरल के कोल्लम निवासी निबिन मैक्सवेल के पिता ने बताया कि बेटा दो माह पहले ही इजरायल में पोल्ट्री फार्म में काम करने के लिए गया था। पहले बेटा दुबई में था लेकिन पिछले करीब सवा दो महीने पहले बड़े बेटे के इजरायल जाने के बाद छोटा बेटा निबिन भी वहां चला गया था। सोमवार को पहले बड़े बेटे ने निबिन के घायल होने और फिर मौत की सूचना दी।



हिजबुल्ला के हमले में मारे गए निबिन मैक्सवेल। फाइल/एएनआइ

## गाजा में संघर्ष को लेकर भारत ने जताई गहरी चिंता

**यूएन में रुचिरा कंबोज ने कहा-भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक**



संरा में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज। एएनआइ

**यूएनआरडब्ल्यूए के विरुद्ध हालिया आरोप को भारत ने बेहद चिंताजनक बताया**

**संयुक्त राष्ट्र, प्रेट्र:** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत ने गाजा संघर्ष को लेकर गहरी चिंता जताई है। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि गाजा में पिछले करीब पांच महीने से जारी संघर्ष को लेकर भारत बेहद चिंतित है। युद्ध में आम नागरिकों की मौत और उससे उपजा मानवीय संकट स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, भारत उस द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां फलस्तीन लोग इजरायल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आजाद देश में स्वतंत्र रूप से रह सकें।

कंबोज ने सोमवार को 'वीटो के उपयोग' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा, 'इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है। कंबोज ने कहा, 'मानवीय संकट गहराने से क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है।' उन्होंने बताया, भारत की ओर से फलस्तीन लोगों के लिए मदद मुहैया कराई गई और यह मदद जारी रहेगी। भारत संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के विशेष आग्रह पर विचार कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, इस एजेंसी के विरुद्ध हालिया आरोप बेहद चिंताजनक हैं। बता दें कि फलस्तीन शरणार्थियों के लिए काम करने वाली यूएनआरडब्ल्यूए पर यह आरोप लगा है कि इस एजेंसी के कुछ कर्मचारी सात अक्टूबर को इजरायल में हुए हमले में शामिल थे।

# पाकिस्तान को मिले वैश्विक आतंकी फैक्ट्री का दर्जा : भारत

**यूएनएचआरसी में कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पाक को फटकारा**

**संयुक्त राष्ट्र, प्रेट्र :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के जम्मू और कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसे अपने बेहद खराब मानवाधिकार रिकार्ड पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और उसे 'वैश्विक आतंकी फैक्ट्री' का विश्व वैश्विक दर्जा दिया जाना चाहिए।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में अवर सचिव जगप्रीत कौर ने सोमवार को यूएनएचआरसी के 55वें नियमित सत्र में सामान्य बहस में देश के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले पाकिस्तान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआइसी) की ओर से अपने बयान में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। कौर ने कहा, 'हमने इस सत्र के दौरान पूर्व में मंच संभाला था और एक विशेष प्रतिनिधिमंडल द्वारा भारत के बारे में गलत टिप्पणियों का जवाब देने में परिषद का समय बर्बाद करने के प्रति अपनी अनिच्छा से अवगत कराया था। यह प्रतिनिधिमंडल ऐसा इसलिए करता है क्योंकि उसके पास योगदान देने के लिए कुछ भी रचनात्मक नहीं है।'

पाकिस्तान का नाम लिए बिना, 'कौर ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह देश भारत की आलोचना जारी रखता है, जिसमें अपने स्वयं के राजनीतिक रूप से प्रेरित एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ओआइसी के मंच का दुरुपयोग करना भी शामिल है।' उन्होंने कहा, 'हम ऐसी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देकर इनको बढ़ावा देना नहीं चाहते और केवल उस प्रतिनिधिमंडल से अपने स्वयं के बेहद खराब मानवाधिकार रिकार्ड और दुनिया की आतंकवाद फैक्ट्री के रूप में उनकी वैश्विक पहचान पर आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह करने के लिए फिर से इस मंच का सहारा ले रहे हैं।'

# 10 मई के बाद मालदीव में न वर्दी में, न सादे कपड़ों में कोई भारतीय सैनिक रहेगा : मुइज्जू

**कुछ दिन पहले ही हल्के हेलीकाप्टर का संचालन करने एक भारतीय असैन्य दल पहुंचा है मालदीव**



**समझौते के तहत मालदीव से 10 मई तक सभी भारतीय सैनिकों की होनी है वापसी**

**माले, प्रेट्र :** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकाप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

समाचार पोर्टल एडीशन डाट एमवी के अनुसार, मुइज्जू ने बा द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। पोर्टल ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा- 'यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, ये सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं।' उन्होंने कहा- '10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं।' उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इससे पहले पिछले महीने दो फरवरी को दोनों पक्षों के बीच दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफार्मों में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

इस बीच, स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार मालदीव ने मेडिकल बचाव मिशन के लिए विमानों का संचालन करने के लिए पिछले सप्ताह श्रीलंका के साथ सफलतापूर्वक समझौता किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि वह सभी भारतीय सैनिकों को हटाने पर तुला है।

# राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे ट्रंप, सुप्रीम कोर्ट ने हटाया प्रतिबंध

**कोलोराडो की अदालत ने कैपिटल हिंसा में पूर्व राष्ट्रपति की भूमिका के आधार पर की थी कार्रवाई**



डोनाल्ड ट्रंप। फाइल फोटो

**वाशिंगटन, एपी:** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन दावेदारी की दौड़ में आगे चल रहे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 16 राज्यों में होने वाले प्राइमरी चुनाव से पहले राहत मिली है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कैपिटल हिल मामले में ट्रंप पर चुनाव लड़ने से रोक हटाते हुए इसे राज्य के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है। कहा, यह अधिकार कांग्रेस के पास है। ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अमेरिकी जनता की जीत बताया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कोलोराडो, इलिनोइस, मेन समेत उन राज्यों में जहां ट्रंप को प्राइमरी चुनाव के दौरान बैलट पेपर से हटाने की कवायद चल रही थी, उस पर विराम लग गया है। हालांकि, ट्रंप पर चार आपराधिक मामले चल रहे हैं। जिनपर निर्णय आना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी राज्य संविधान के 14वें संशोधन का हवाला देते हुए, जिसमें सशस्त्र विद्रोह करने पर चुनाव लड़ने से वंचित करने का प्रविधान है, को लागू नहीं कर सकते। कोलोराडो की शीर्ष अदालत ने छह, जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हिंसा को उकसाने के आरोप में ट्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। इसमें 14वें संविधान संशोधन के खंड-3 का हवाला दिया गया था। इधर, ट्रंप ने रिपब्लिकन उम्मीदवारी में निक्की हेली के विरुद्ध उत्तरी डकोटा काकस में सोमवार को जीत दर्ज की है।

# दक्षिण चीन सागर में चीन-फिलीपींस के जहाज टकराए



विवादित दक्षिण चीन सागर में मंगलवार को फिलीपींस (बाएं) एवं चीन के तटरक्षक जहाजों के मध्य टक्कर हो गई। एपी

**मनीला, एपी :** विवादित दक्षिण चीन सागर में मंगलवार को चीन और फिलीपींस के तटरक्षक जहाजों के बीच हुई टक्कर में फिलीपींस के चार क्रू सदस्य घायल हो गए। दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागीरी आसियान देशों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। एक दिन पहले आस्ट्रेलिया में आसियान शिखर सम्मेलन में फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर ने बीजिंग के आक्रामक रुख के जवाब में समूह के सदस्य देशों से एकजुटता का आह्वान किया था। फिलीपींस के अधिकारियों ने कहा, चीन तटरक्षक जहाजों व उनके पोत ने विवादित सेकेंड थामस शोल के पास फिलीपींस तटरक्षक व आपूर्ति जहाजों का रास्ता रोका। चीन तटरक्षक जहाजों के खतरनाक कदम से दोनों देशों के जहाज टकरा गए। फिलीपींस नौसैनिकों द्वारा संचालित आपूर्ति पोत पर दो चीनी तटरक्षक जहाजों से पानी की बौछार किए गए। इधर, चीन तटरक्षक प्रवक्ता ने कहा, फिलीपींस के जहाज जानबूझ कर चीनी जहाजों से टकराए इससे मामूली क्षति हुई।


# यूक्रेन ने एक और रूसी युद्धपोत को डुबोने का किया दावा

**कीव, एपी:** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

यूक्रेनी सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि एक विशेष अभियान इकाई ने बड़े गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव को चालक रहित मगुरा वी5 से रात में नष्ट कर दिया। मगुरा वी5 यूक्रेन में डिजाइन और निर्मित था और विस्फोटक से लैस था। यूक्रेन ने कहा गश्ती जहाज को केर्च स्ट्रेट के पास निशाना बनाया गया और वह कथित तौर पर क्रूज मिसाइल से लैस और लगभग 60 चालक दल को ले जा सकता था।

यूक्रेन के दावे को तत्काल स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका और फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किए जाने के बाद शुरू हुई लड़ाई की दुष्प्रचार एक विशेषता रही है। कीव की सेना 1,500 किलोमीटर मोर्चे पर कुछ बिंदुओं पर रूसी सेना को दूर रखने के लिए संघर्ष कर रही है। साथ ही युद्ध के मैदान से परे लक्ष्यों को भी निशाना बना रही है। कीव के अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन पर लगभग 20 प्रतिशत रूसी मिसाइल हमले काला सागर से किए जाते हैं और वहां रूसी जहाजों का निशाना बनना मास्को के लिए शर्मनाक है। यूक्रेन ने पिछले महीने भी दो रूसी युद्धपोत को डुबोने का दावा किया था। हालांकि रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की थी।

**मास्को ने नहीं की पुष्टि, कीव ने पिछले महीने भी दो रूसी युद्धपोत डुबोने का किया था दावा**




यूक्रेनी समुद्री ड्रोन का निशाना बना रूसी गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव। रायटर

### रूसी कमांडरों कोबिलाश-सोकोलोव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**हेग, रायटर:** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कोर्ट (आइसीसी) ने यूक्रेन में युद्ध अपराध के आरोप में शीर्ष रूसी कमांडरों सर्गेई कोबिलाश और विक्टर सोकोलोव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हेग स्थित आइसीसी ने कहा, यह मानने के लिए पर्याप्त आधार है कि दोनों संदिग्ध जिम्मेदार है कि उनकी कमान में बलों ने 10 अक्टूबर 2022 से नौ मार्च 2023 तक यूक्रेनी विद्युत बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए मिसाइल हमले किए। आइसीसी ने मंगलवार को कहा, यूक्रेन के विद्युत ग्रिड पर हमले के कारण नागरिक क्षति हुई और यह किसी भी संभावित सैन्य लाभ के लिए बहुत अधिक थी। यूक्रेन के अभियोजक पहले ही सर्दियों में यूक्रेनी ऊर्जा और उपयोगिता बुनियादी ढांचों पर हवाई हमलों के बाद से संभावित युद्ध अपराधों की जांच कर रहे थे। हालांकि रूस यूक्रेन में नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने की बात से इन्कार करता है। यूक्रेन युद्ध से जुड़े रूसी अधिकारियों की गिरफ्तारी के लिए आइसीसी द्वारा जारी यह दूसरा वारंट सेट है।

### पश्चिमी देशों के राजदूत आंतरिक मामलों में कर रहे हस्तक्षेप : रूस

**मास्को, रायटर:** रूस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मास्को में पश्चिमी देशों के राजदूत विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी के अंतिम संस्कार में शामिल होकर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। राजदूतों के व्यवहार ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मास्को की यह प्रतिक्रिया अभी हाल ही में यूरोपीय यूनियन (ईयू) के राजदूतों द्वारा देश में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात से इन्कार के बाद आई। बता दें कि गत एक मार्च को ईयू के राजदूत नवलनी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। आर्कटिक जेल कालोनी में नवलनी की मौत की घोषणा 16 फरवरी को की गई थी। पश्चिमी देश नवलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार मानते हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखरोवा ने राजदूतों के इन्कार की टिप्पणी पर रूस की सरकारी टेलीविजन पर कहा कि यह सवाल सभी के बीच उठता है। वे क्या कर रहे हैं और क्यों।

# बेलआउट पैकेज के लिए आइएमएफ से वार्ता का दिया आदेश

**पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बोले, देश की अर्थव्यवस्था सुधारना सर्वोच्च प्राथमिकता**



शहबाज शरीफ। फाइल

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नकदी संकट से जूझ रहे देश के लिए विस्तारित फंड सुविधा प्राप्त करने को आइएमएफ के साथ अधिकारियों को तत्काल बातचीत का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, जिसे जनादेश मिला है।

जनवरी में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से मौजूदा तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था (एसबीए) के तहत 70 करोड़ डालर से अधिक की दूसरी किस्त प्राप्त हुई। यह पिछले साल जून में सहमति के आधार पर दी गई थी, जब पाकिस्तान धीरे-धीरे डिफाल्ट की ओर बढ़ रहा था।

पाकिस्तान ने पिछले 6.5 अरब डालर के आइएमएफए बेलआउट पैकेज को पूरा नहीं किया है। इसलिए नई सरकार का पहला काम 1.2 अरब डालर की अंतिम ऋण किस्त प्राप्त करने के लिए वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता के साथ बैठक करना होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष के आधिकारिक हैंडल से सोमवार को एक्स पर उर्दू में पोस्ट किया गया कि प्रधानमंत्री शरीफ के शपथ ग्रहण के कुछ घंटों बाद ही देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक करने को लेकर बैठक आयोजित की गई।

**जनादेश चुराने के विरुद्ध पीटीआइ का राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन 10 को:** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के विरुद्ध 10 मार्च को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव में जनादेश की चोरी हुई है।

दूसरी ओर, पीटीआइ ने आरक्षित सीटों के आवंटन के विरुद्ध चुनाव आयोग के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। आयोग ने सोमवार को फैसला सुनाया था कि पीटीआइ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआइसी) आम चुनाव के बाद संसद में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित आरक्षित सीटों के लिए पात्र नहीं है।

### मरयम नवाज का पंजाब का सीएम बनना मील का पत्थर : अमेरिका

अमेरिका ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री के रूप में मरयम नवाज के चयन को मील का पत्थर बताया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि इस फैसले से पाकिस्तान की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पुत्री मरयम पाकिस्तान के किसी भी प्रांत में बनने वाली पहली महिला सीएम हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान का पीएम बनने पर शहबाज शरीफ को दी बधाई

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट कर उन्हें शुभकामना भेजीं। शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में पद की शपथ ली और नकदी संकट से जूझ देश की बागडोर दूसरी बार संभाली। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ को रविवार को नेशनल असेंबली में 201 वोट हासिल करने के बाद पाकिस्तान के पीएम के रूप में चुना गया। उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) समर्थित प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को हराया। शपथ ग्रहण समारोह तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन के बीच हुआ। पीटीआइ ने आठ जनवरी को हुए आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने ऐवान-ए-सद्र में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

# नेपाल में प्रचंड नहीं बना पाए सहमति, कैबिनेट विस्तार टला

**नए गठबंधन के सहयोगियों के बीच वार्ता रही बेनतीजा**



**सरकार की स्थिरता को लेकर अनुमानों का बाजार गर्म**

**काठमांडू, प्रेट्र :** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड मंगलवार को सहयोगियों के साथ सत्ता साझेदारी समझौते पर सहमति बनाने में विफल रहे। नेपाली कांग्रेस के साथ नाटकीय तरीके से गठबंधन समाप्त करने वाले प्रचंड की नए सहयोगियों के साथ सरकार बनाने को लेकर बातचीत बेनतीजा रही। इसके चलते कैबिनेट का विस्तार टालना पड़ा। इससे प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन बनाया है। संसद में संख्या बल के लिहाज से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली यह पार्टी दूसरे नंबर की है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। नया गठबंधन बनाने के बाद चारों दल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), सीपीएन-यूएमएल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और जनमत पार्टी आठ सूत्री समझौते पर पहुंचे। समझौते के अनुसार, चारों दल नेशनल असेंबली अध्यक्ष चुनाव में माओवादी सेंटर के उम्मीदवार का समर्थन करने पर सहमत हुए हैं और उपाध्यक्ष के लिए यूएमएल उम्मीदवार का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। हालांकि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच सत्ता साझेदारी पर सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रधानमंत्री 'प्रचंड' नई गठबंधन सरकार के गठन के 24 घंटे बाद भी कैबिनेट सदस्यों को मंत्री पद बांटने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से आनन-फानन में गठित हुए मंत्रिमंडल में प्रचंड ने गृह, रक्षा, विदेश और वित्त समेत 25 विभाग अपने पास रखे हैं। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सीपीएन-यूएमएल के चेयरमैन ओली, जनता समाजवादी पार्टी प्रमुख उपेंद्र यादव और आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने के साथ वार्ता की। हालांकि वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई। सीपीएन-यूएमएल के केंद्रीय सदस्य बिष्णु रिजाल ने बताया कि गठबंधन के सदस्यों के बीच मंगलवार शाम तक चर्चा चलने के कारण बुधवार तक कैबिनेट विस्तार पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चारों पार्टियों के पास संसद में 142 सीटें है और यह बहुमत दिखाने के लिए पर्याप्त हैं।


**चीन ने नेपाल की नई सरकार का स्वागत किया :** चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि बीजिंग सरकार नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। इससे नेपाल में हुए नए राजनीतिक बदलाव में बीजिंग का हाथ होने के अनुमान को बल मिला है।


चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा कि चीन की नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की अधूरी परियोजनाओं, भ्रष्टाचार एक महत्वाकांक्षी हवाई अड्डे की जांच को लेकर चीन विवादों में घिरा है।

*********

## किसी बौने ग्रह की परिक्रमा करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना डान

2015 में आज ही के दिन नासा का अंतरिक्ष यान डान किसी बौने ग्रह की परिक्रमा करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना था। डान जिस बौने ग्रह की कक्षा में पहुंचा था वह सेरेस था। इससे पहले 2011 में डान वेस्टा क्षुद्रग्रह की परिक्रमा करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना था।






## रासायनिक तत्वों की पहली आवर्त सारणी प्रस्तुत की गई

1869 में आज ही के दिन रसायनज्ञ दिमित्री मेंडेलीव ने रूसी केमिकल सोसाइटी के समक्ष रासायनिक तत्वों की पहली आवर्त सारणी प्रस्तुत की थी। इसमें तत्वों का उनके गुणों के अनुसार सारणीबद्ध रूप में वर्गीकरण किया गया था। इस आवर्त सारणी में 30 तत्व मौजूद थे।

## भारतीय सेना के प्रतिष्ठित सैनिकों में गिने जाते हैं चुन्नी लाल

नायब सूबेदार चुन्नी लाल का जन्म 1968 में आज ही जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुआ था। 1984 में जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की 8वीं बटालियन में शामिल हुए। 1999 में आपरेशन रक्षक के दौरान पुंछ सेक्टर में 12 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारने में भूमिका निभाई। 24 जून, 2007 को कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में एलओसी पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को खदेड़ने के दौरान बलिदान हो गए। 15 अगस्त, 2007 को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित हुए।



## इधर-उधर की

### डायनासोर की पोशाक पहनकर बनाया रिकार्ड



1,273 लोग डायनासोर की पोशाक में इकट्ठा हुए • इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी:** कैलिफोर्निया के लेगोलैंड थीम पार्क में एक अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला। यहां गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए 1,273 लोग डायनासोर की पोशाक पहनकर पहुंचे थे। रिकार्ड का आयोजन करने वाली संस्था ने बताया कि पार्क ने डायनासोर की पोशाक पहने लोगों की सबसे बड़ी सभा का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया है। इसके पहले यह रिकार्ड 2019 में अमेरिका के ही लासएंजिल्स में बनाया गया था। इस दौरान 252 लोग डायनासोर की पोशाक में इकट्ठा हुए थे। लेगोलैंड में यह आयोजन डायनासोर से जुड़े नए थीम पार्क डिनो वैली के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया गया था।


# बच्चों में एकाग्रता की कमी दूर करेगी नई दवा

## एफडीए ने बच्चों में एडीएचडी के इलाज के लिए केल्ब्री नाम की दवा को हरी झंडी दिखाई

### वैश्विक स्तर पर दो से सात प्रतिशत बच्चे व किशोर इस रोग से प्रभावित

नेशनल डेस्क, नई दिल्ली

अमेरिका में अटेंशन डेफिसिट हाइपरऐक्टिविटी डिसआर्डर (एडीएचडी) वाले बच्चों के इलाज के लिए एक नई दवा को अनुमति मिल गई है। एडीएचडी से बच्चों में ध्यान की कमी, हाइपरऐक्टिविटी और इम्पल्सिविटी जैसी परेशानियां हो जाती हैं। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने छह से 17 साल के बच्चों में एडीएचडी के इलाज के लिए केल्ब्री नाम की दवा को हरी झंडी दिखा दी है। यह एक कैप्सूल के रूप में आती है और इसे रोज खाना पड़ता है। दूसरी एडीएचडी दवाओं की तरह केल्ब्री एक स्टीमुलेंट या एक नियंत्रित पदार्थ नहीं है, जिसकी वजह से आसानी से इसका दुरुपयोग नहीं किया जा सकता है। अभी तक जो दवाएं उपलब्ध थीं, जैसे रिटालिन, लगभग उन सभी में एम्फीटामाईन या मिथाइलफेनिडेट जैसे स्टीमुलेंट हैं। इसके साथ आत्महत्या के बारे में विचार आने की संभावना की चेतावनी दी जाती है। दवा को लेकर हुए अध्ययन में एक प्रतिशत से कम वालंटियरों में इस तरह के असर देखने को मिले।



एडीएचडी... इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को काम को पूरा करने में होती है परेशानी। फाइल

### दुरुपयोग की संभावना कम

गुडमैन ने बताया कि दवाएं लेने वाले एडीएचडी के अधिकांश रोगियों को लम्बा असर करने वाले स्टीमुलेंट दिए जाते हैं जिनका दुरुपयोग करके उनसे नशा करना आसान नहीं होता।

### 50 प्रतिशत तक देखी गई कमी

जिसमें छह से 11 उम्र तक के 477 बच्चों ने यह नई दवा छह हफ्तों तक ली. इन बच्चों में उस समूह के मुकाबले ध्यान कम देने और हाइपरएक्टिविटी के लक्षणों में 50 प्रतिशत तक की कमी देखी गई, जिसमें दूसरे बच्चों को सिर्फ प्लेसिबो (पानी या ऐसा तरह जिसमें दवाई नहीं हो) दिया गया था।

अमेरिका में करीब 60 लाख बच्चे और किशोर इस रोग से प्रभावित हैं। इनमें से कई लोगों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनमें ध्यान देने में परेशानी, काम पूरे करने में परेशानी, बेचैनी और आवेग शामिल हैं।

जानकारों का मानना है कि संभव है कि यह दवा उन लोगों को पसंद आएगी जो अपने बच्चों को स्टीमुलेंट नहीं देना चाहते हों। जान्स अपकिंस स्कूल आफ मेडिसिन में मनोविज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डेविड गुडमैन कहते हैं कि यह दवा उन बच्चों के लिए भी एक विकल्प हो सकती है जो पदार्थों के दुरुपयोग की समस्या से जूझ रहे हों, जो स्टीमुलेंटों के दुष्प्रभावों से दूर रहना चाह रहे हों या जिन्हें अतिरिक्त रूप से थेरेपी की आवश्यकता हो।

### ये है लक्षण

- कुछ अध्ययनों में विलोक्साजीन के नाम से भी जाने जाने वाली इस दवा ने लक्षणों को एक सप्ताह के अंदर कम कर दिया. इसके आम दुष्प्रभावों में नींद आना, आलस, भूख में कमी और सिर में दर्द शामिल हैं।
- एडीएचडी के शिकार वयस्कों में इस दवा के परीक्षणों का आखिरी चरण में है। इस रोग से पीड़ित वयस्कों की संख्या कम है। अभी बहुत कम वयस्क एडीएचडी की दवा लेते हैं।

## 117 की हुई विश्व की सबसे उम्रदराज जीवित शख्स




मारिया ब्रान्यास विश्व की सर्वाधिक उम्रदराज जीवित शख्स हैं। वह 117 वर्ष की हो गई हैं। स्पेन के कैटालोनिया में उन्होंने अपनी 117वीं जन्मतिथि मनाई। 118 वर्षीया फ्रांसीसी महिला लूसिल रैंडन की मृत्यु के बाद जनवरी 2023 में मारिया विश्व की सबसे अधिक उम्र की जीवित शख्स बन गई थीं। सुनने में कठिनाई एवं चलने-फिरने में समस्या के अतिरिक्त इन्हें कोई शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य समस्या नहीं है। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में चार मार्च 1907 को इनका जन्म हुआ था। जब वह आठ वर्ष की थीं, परिवार के साथ स्पेन आ गई थीं। रायटर

# आठ साल के लड़के को पैपिलरी थायराइड कैंसर

मिड डे, मुंबई

यमन का 8 वर्षीय लड़का संभवतः भारत में दूसरा सबसे कम उम्र का लड़का है, जिसका पैपिलरी थायराइड कैंसर का इलाज किया गया है, यह एक ऐसी स्थिति है जो ज्यादातर वयस्कों को प्रभावित करती है। पिछले साल ही बेंगलुरु में एक 7 साल की बच्ची को इस स्थिति का पता चला था। मुंबई के जसलोक अस्पताल में इस मामले से जुड़े बाल रोग विशेषज्ञ डा. फजल नबी ने कहा कि 20 साल बाद उन्हें बच्चों में इस प्रकार के कैंसर का मामला पता चला, आखिरी मामला 14 साल की लड़की में था।

तीन महीने से लड़के के बायीं तरफ सूजन थीः बच्चा गर्दन के सामने और बायीं तरफ 4x4 सेमी की सूजन के साथ अस्पताल आया था, जो तीन महीने से मौजूद थी। मुंबई आने से पहले परिवार ने यमन में एक स्वास्थ्य सुविधा में उसकी जांच कराई, जहां उसे थायराइड कैंसर का पता चला। जसलोक में, परिवार को किसी भी संबंधित चिकित्सा समस्या या कैंसर के आगे फैलने से बचने के लिए फिर से कई निदानों से गुजरना पड़ा, जिसके बाद अस्पताल ने बच्चे का आपरेशन करने का फैसला किया।



**अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ्य :** डा. नबी ने कहा कि कैंसर को बाहर निकालते समय हमें किसी भी अन्य ग्रंथि को नुकसान न पहुंचाने के लिए बहुत सावधान रहना था। विकिरण जोखिम, अधिक मात्रा में रंगों के साथ भोजन का सेवन और यहां तक कि आनुवंशिकी जैसे संभावित कारक भी हो सकते हैं। हम अभी भी इसका सटीक कारण नहीं जानते हैं कि ऐसा क्यों होता है। इलाज 8 जनवरी से 15 जनवरी तक चला, उसके बाद एक और सप्ताह तक बच्चे को रखा गया। डा. नबी ने कहा, "परिवार लगभग एक महीने से उसकी देखभाल कर रहा है और उसके शेष उपचार को पूरा करने के लिए फिर से वापस आएगा, लेकिन अब हम सुरक्षित रूप से कह सकते हैं कि बच्चा किसी भी खतरे से बाहर है।

**गर्दन में नाजुक संरचनाओं को संभालने में चुनौतियां :** सर्जिकल आन्कोलाजी के निदेशक डा. मेहुल भंसाली ने कहा कि इस विशेष मामले में एक बच्चे की गर्दन में नाजुक संरचनाओं को संभालने में चुनौतियां थीं, हालांकि इसमें शामिल सभी सर्जन अत्यधिक प्रशिक्षित और अनुभवी थे। डा. नबी ने कहा यहां प्रक्रिया के लिए सहमति देने से पहले परिवार ने शहर के कई डाक्टरों से परामर्श लिया।

**थायरायड ग्रंथि को करता है प्रभावित :** पैपिलरी थायराइड कैंसर थायरायड ग्रंथि को प्रभावित करता है, जो गर्दन में स्थित होता है। हालांकि इसका अक्सर वयस्कों में निदान किया जाता है, लेकिन बच्चों में यह कम देखा जाता है और वह भी बहुत छोटे बच्चों के बजाय ज्यादातर किशोरों और बड़े बच्चों में। चिकित्सा साहित्य से पता चलता है कि यह सभी बाल चिकित्सा संबंधी घातक बीमारियों का 1.4% है।

## 'महिलाओं द्वारा संचालित खेती व परिवार पर जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा'

**रोम, एपी:** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गरीब देशों में खेत और ग्रामीण घर चलाने वाली महिलाएं जलवायु परिवर्तन से अधिक पीड़ित होती हैं और जब वे संकट के समय आय के अन्य स्रोतों को अपनाने की कोशिश करती हैं तो उनके साथ भेदभाव किया जाता है। खाद्य और कृषि संगठन 'द अनजस्ट क्लाइमेट' की नई रिपोर्ट में पाया गया कि पुरुष प्रधान परिवारों की तुलना में महिला प्रधान ग्रामीण परिवारों को गर्मी के दौरान औसतन 8 प्रतिशत और बाढ़ के दौरान 3 प्रतिशत अधिक आय का नुकसान होता है। रोम स्थित इस संगठन ने दुनियाभर के 24 गरीब व मध्यम आय वाले देशों में 100,000 ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण करके आंकड़े पेश किए। उस डाटा को 70 वर्षों के वर्षा और तापमान डाटा के साथ एकीकृत किया गया है।

# मलेरिया रोकने में मददगार पाया गया कीटनाशक पेंट

**अनुसंधान**

एक नए शोध में घरों पर लगाया जाने वाला पेंट येलो फीवर के मच्छरों को मारने में प्रभावी पाया गया है। यह 'वेस्टा' पेंट कोटिंग के बाद लंबे समय तक थोड़ी मात्रा में कीटनाशक छोड़ता है। शोधकर्ताओं ने इस पेंट को घरेलू स्तर पर मलेरिया को रोकने और नियंत्रित करने के लिए एक आशाजनक रणनीति के रूप में दर्शाया है। यह डेंगू, चिकनगुनिया, जीका बुखार सहित इन मच्छरों द्वारा फैलने वाले किसी भी वेक्टर जनित रोग के विरुद्ध कारगर हो सकता है।

शोध का नेतृत्व करने वाले अफ्रीका के जीन पियागेट यूनिवर्सिटी, केप वर्डे के शोधकर्ताओं ने कहा कि पेंट टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल थे और उन इलाकों में लगभग सभी आबादी के बीच इसे स्वीकृति मिली इसका जहां परीक्षण किया गया। फ्रंटियर्स इन टापिकल डिजीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की मुख्य लेखिका लारा फेरेरो गोमेज ने कहा कि यहां हमने देखा कि 'वेस्टा' कीटनाशक पेंट पश्चिमी अफ्रीकी देश केप वर्डे के प्रिया शहर में येलो फीवर के मच्छर एडीज एजिप्टी को कम से कम एक साल तक मारने में प्रभावी है। अध्ययन के लिए प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने 228 घरों को पेंट किया, जो विशेष रूप से मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति संवेदनशील थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि वेस्टा फार्मूलेशन पेंटिंग के छठे और 12वें महीने में डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुरूप रहा, जबकि अन्य दो फार्मूलेशन छठे महीने में सीमा से नीचे गिर गए। शोधकर्ताओं ने कहा निवासियों के स्वास्थ्य पर पेंट का कोई गंभीर प्रभाव नहीं देखा गया। उनमें से 10 प्रतिशत ने आंख या नाक में हल्की जलन और चार प्रतिशत ने सिरदर्द की शिकायत की। (प्रेट्र)

## स्क्रीन शाट

# कानून से बहुत पहले से ही रहा है निधि का जुड़ाव




निधि बिष्ट। (इंस्टाग्राम) @ekthapatiger

अगर किसी विषय के बारे में कलाकार को अच्छी जानकारी होती है, तो उससे संबंधित भूमिकाएं निभाना उनके लिए काफी सहज होता है। नेटफ्लिक्स पर हालिया प्रदर्शित वेब सीरीज मामला लीगल में अभिनेत्री निधि वकील सुजाता नेगी की भूमिका में नजर आई। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेत्री बनने से पहले वह दो साल दिल्ली हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर चुकी हैं। ऐसे में इस शो की दुनिया उनके लिए जानी पहचानी रही। इस बारे में निधि बताती हैं, 'मैंने पहले ला की पढ़ाई की, फिर दिल्ली हाईकोर्ट में दो साल प्रैक्टिस की थी। हालांकि ऐसा नहीं कि मुझे सब कुछ आता था। कोर्ट और कानून को लेकर बहुत सी चीजें अभी भी ऐसी हैं, जो मुझे आज भी नहीं पता है। शो की स्क्रिप्ट इतनी रिसर्च के साथ तैयार की गई थी कि मेरे लिए उसमें कुछ सुधार करने की गुंजाइश नहीं थी। जब मैं कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही थी, तो मुझे कोर्ट के बड़े चक्कर लगाने पड़े थे। उस समय वही तो मेरी नौकरी थी। मेरे पिता दिल्ली पुलिस में नौकरी करते थे, अब रिटायर हो चुके हैं। इसलिए कानून को लेकर दिमाग में यह बातें तो बचपन से थी कि क्या-क्या चीजें नहीं करनी है। यह बातें मैं कानून से बचने या कानून तोड़ने के संदर्भ में नहीं बोल रही हूं। मेरे घर में गैर कानूनी चीजों लिए सख्त मनाई थी। यहां तक बिना हेलमेट स्कूटी चलाने की भी अनुमति नहीं थी।'

## रितिक की तरह नाचने के लिए कहते थे कास्टिंग डायरेक्टर : अभिषेक बनर्जी

**दूसरों का दर्द** तब ज्यादा समझ में आता है, जब व्यक्ति खुद उस दौर से गुजरा हो। स्त्री फिल्म में जना के पात्र से प्रसिद्ध हुए अभिनेता अभिषेक बनर्जी सफल कास्टिंग डायरेक्टर भी हैं। हालांकि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि जो शुरुआत वह कैमरे के सामने करना चाहते थे। वह कैमरे के पीछे शुरू करेंगे। अभिषेक कहते हैं कि जब मैं आडिशन देने जाता था, तो कोई कह देता था नाट फिट, तो कोई बड़े ही बुरी तरह से बात करता था। जब ऐसा होता था, तो बतौर आर्टिस्ट बहुत चोट पहुंचती थी। कम ही लोग थे, जो नए लोगों को काम देना चाहते थे। आडिशन रूम में जो कास्टिंग डायरेक्टर होते थे, वह कहते थे कि शाह रुख खान की तरह डायलाग्स बोलकर दिखाओ। रितिक रोशन की तरह नाच के दिखाओ। मुझे लगा मेरे एक्टिंग के टीचर्स ने ये सब तो नहीं सिखाया। फिर धीरे-धीरे समझ आया कि उनका कास्ट करने का तरीका गलत था। मुझे लगा कि कास्टिंग की दुनिया का हिस्सा बनना चाहिए। मैं कैमरे पीछे रहकर कलाकारों की मदद कर सकता हूं। मुझे लगा मैं अभिनय भूल जाऊंगा, क्योंकि कास्टिंग से पैसे कमा रहा था। अभिनय के लिए वक्त नहीं बचा था। एक दिन निर्देशक अमर कौशिक, जो मेरे दोस्त रहे हैं, उन्होंने कहा स्त्री फिल्म बना रहा हूं। जना की भूमिका के लिए आडिशन दे दो। आडिशन पसंद आया और मैं एक्टर बन गया।



स्त्री 2 में फिर कामेडी करते दिखेंगे अभिषेक। (इंस्टाग्राम) @nowitsabhi


## जब दीवारों को तौलिए से साफ किया था कुणाल खेमू ने

**दोस्ती की बात** होते ही याद आ जाता है फिल्म दिल चाहता है का वो गाना, जिसमें तीन दोस्त गोवा घूमने के लिए निकलते हैं, लेकिन हर गोवा की यात्रा सुखद हो ऐसा जरूरी नहीं। सोचिए क्या हो जब गोवा के बड़े होटल के स्वीट वाले रूम में दीवारों को तौलिए से साफ करना पड़े। अभिनेता कुणाल खेमू के साथ तो कुछ ऐसा ही हुआ है। कुणाल बताते हैं कि मैंने दो फिल्में कर ली थीं। उसके बाद पैसे आ गए थे, तो मैं अपने बचपन के दोस्तों के साथ गोवा गया था। एक अच्छे से होटल में स्वीट (बड़ा सा कमरा) बुक कराया था। मेरे एक दोस्त ने बाल गीले किए, उसके पास उन्हें सेट करने के लिए जेल नहीं था। तो वह कहीं से नारियल का तेल ले आया था। हम सूटबूट पहनकर तैयार खड़े थे। वह रूम के बीचोबीच खड़े होकर उस बोतल से तेल निकालने की कोशिश कर रहा था। वह बोतल उसके हाथ में फट गई। सारा तेल कमरे की दीवारों और हमारे सूट पर आ गिरा। हमने तुरंत कपड़े उतारे। डिटर्जेंट खरीदा और होटल से तौलिए मंगाए। बाथरूम में नहाने वाले टब में झाग बनाया। तौलिए को उसमें डूबाकर दीवार तौलिए से साफ करने लगे। थोड़ी देर बाद दीवारों पर पपड़ी बनने लगी। हमें काफी पैसे भरने पड़े और बहुत माफी मांगनी पड़ी थी। तीन दोस्तों के गोवा जाने पर बनी कामेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के जरिए कुणाल ने निर्देशन में कदम रखा है।



मडगांव एक्सप्रेस से निर्देशक बन गए हैं कुणाल। (इंस्टाग्राम) @kunalkemmu

# तो सलमान की जगह शाहिद बनेंगे प्रेम



सूरज की फिल्म में प्रेम बन सकते हैं शाहिद। फाइल

**सूरज बड़जात्या की** अगली फिल्म प्रेम की शादी से सलमान खान के अलग होने की खबरें आई थीं। बताया जाता है कि स्क्रिप्ट के कई पहलुओं पर सहमति नहीं बन पाने के बाद दोनों ने सौहार्दपूर्ण ढंग से इस प्रोजेक्ट से अलग होने का फैसला किया। इससे पहले दोनों की जोड़ी ने मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन!, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सफल फिल्में दी हैं। सलमान के अलग होने से फिल्म बंद नहीं हुई है। खबर है कि सूरज ने इस फिल्म के लिए शाहिद कपूर से संपर्क किया है। वह अब स्क्रिप्ट में बदलाव कर रहे हैं और मुख्य किरदार की उम्र कम कर दी गई है। शाहिद इससे पहले सूरज के साथ फिल्म विवाह (2006) कर चुके हैं। दोनों कई बार मिल चुके हैं। अब जो उनकी बातचीत हो रही है, वो 18 साल बाद उनके पुनर्मिलन की संभावना की ओर इशारा करती है। हालांकि शाहिद ने अभी तक अपनी अंतिम मंजूरी नहीं दी है। अगर शाहिद इस महीने के अंत तक फिल्म साइन कर लेंगे, तो शूटिंग इस साल आरंभ हो सकती है। इसके अलावा शाहिद दो ऐतिहासिक पात्रों अश्वत्थामा और छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

फिल्म वार 2 में अभिनेता जूनियर एनटीआर भारतीय एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे। बालीवुड गलियारों की खबरों के अनुसार वार 2 में ही नहीं बल्कि यशराज फिल्म्स के स्पाइ यूनिवर्स की दूसरी फिल्मों में भी जूनियर एनटीआर दिख सकते हैं।

# भारतीय एजेंट बनेंगे जूनियर एनटीआर



वार 2 में रितिक रोशन के साथ होंगे जूनियर एनटीआर • मिडडे आर्काइव

यह पहले ही तय हो चुका है कि यशराज फिल्म्स की आगामी फिल्म वार 2 में अभिनेता रितिक रोशन और जूनियर एनटीआर होंगे। इस फ्रेंचाइज की पहली फिल्म वार में रितिक के सामने टाइगर श्राफ थे। टाइगर निगेटिव रोल में थे। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि जूनियर एनटीआर भी वार 2 में विलेन की भूमिका में दिखेंगे। अब बालीवुड गलियारों से आ रही खबरों के मुताबिक जूनियर एनटीआर फिल्म में भारतीय एजेंट की भूमिका में होंगे। इसका मतलब है कि यशराज फिल्म्स के स्पाइ यूनिवर्स में सलमान खान, रितिक और शाह रुख खान के बाद अब जूनियर एनटीआर की भी एंट्री भारतीय एजेंट के तौर पर हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी फिल्म में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते। इस फिल्म के हर किरदार में उन्होंने कई शेड्स दिखाने का प्रयास किया है। आदित्य ने जूनियर एनटीआर के रोल के लिए वार 2 की दुनिया से आगे जाकर स्पाई यूनिवर्स के लिए शानदार योजनाएं बना रखी हैं। वह भारतीय सिनेमा का पैन इंडिया यूनिवर्स बनाना चाह रहे हैं। ऐसे में जूनियर एनटीआर का किरदार वार 2 तक ही सीमित नहीं रहने वाला है। किरदार का स्पिन-आफ (उसके अतीत में जाकर कहानी कहना) और इस स्पाई यूनिवर्स की दूसरी फिल्मों में भी उनका कैमियो होगा।

## ...इसलिए राक आन 2 से अलग हुए थे अभिषेक

**कुछ दर्द हमेशा** के लिए दिल के किसी कोने में छुपे रहते हैं। जब उनका जिक्र होता है, तो वह दर्द छलक भी जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ राक आन फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर के साथ भी। 2008 में रिलीज हुई फिल्म राक आन के लिए अभिषेक को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लेकिन 2016 में रिलीज हुई इसकी सीक्वल फिल्म राक आन 2 से उन्हें अलग कर दिया गया। इसका कारण बताते हुए अभिषेक कहते हैं, 'मैंने उस फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट नहीं लिखी थी। केवल ढांचा तैयार किया था। कहानी को कैसे बढ़ाना है इसे लेकर मेरे और फरहान अख्तर के बीच कुछ असहमति हो रही थी। फिर उन्होंने किसी और निर्देशक के साथ आगे बढ़ने की सोची। कई बार दिल दुखता है, लेकिन यही अनुभव होते हैं, जो जीवन में आपको समृद्ध बनाते हैं। मैंने राक आन 2 नहीं देखी। उस वक्त मैं दुखी था।' इन दिनों अभिषेक अपनी एक्शन एडवेंचर फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन होंगे। क्या अभिषेक दो नए चेहरों को लांच करने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं किसी को लांच करने के लिए फिल्म नहीं बनाता। मैं उन कहानियों को कहने के लिए फिल्म बनाता हूं, जो कई वर्षों से मेरे साथ होती हैं। राशा और अमन दोनों मेहनती हैं। युवा कलाकारों की समझ अलग होती है। फिल्म में अजय देवगन भी एक अहम रोल निभा रहे हैं।'



एक्शन एडवेंचर फिल्म पर काम कर रहे हैं अभिषेक • @gattukapoor (इंस्टाग्राम)

## रामलली पर फिल्म बनाएंगे ओमंग



फिर नायिका प्रधान फिल्म बनाएंगे ओमंग • @omungkumar (इंस्टाग्राम)

**हिंदी सिनेमा लगातार** महिलाओं की साहसिक कहानी को सामने ला रहा है। अब निर्देशक ओमंग कुमार उत्तर प्रदेश में चित्रकूट सीमा के पास पाठा की अशिक्षित महिला रामलली पर फिल्म बनाने की तैयारी में है। रामलली न सिर्फ खूंखार डकैत के खिलाफ खड़ी हुई बल्कि अपने गांव की महिलाओं को हिंसा के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित भी किया। वह डकैत ददुआ के खिलाफ खड़ी हुई थी, जिसके आतंक का शासन उत्तर प्रदेश के बीहड़ों में था। ओमंग इससे पहले फिल्म मैरी काम, सरबजीत और पीएम नरेन्द्र मोदी का निर्देशन कर चुके हैं। साल 2001 में, ददुआ ने एक बैंक मैनेजर के बेटे का अपहरण कर लिया था। लड़का भागने में सफल रहा और उसने रामलली के घर में शरण ली थी। जब ददुआ और उसके डाकू रामलली के दरवाजे पर आए, तो उसने लड़के को छोड़ने से इन्कार कर दिया। उसकी बहादुरी का यह किस्सा काफी चर्चित है।

## अब राजनीति का चस्का लग गया है मेरे पात्र को

**जैसे-जैसे वेब** सीरीज के सीजन आगे बढ़ते हैं, उसके पात्रों में भी बदलाव होते हैं। महारानी 3 वेब सीरीज में भी कुछ ऐसा ही होगा अभिनेत्री अनुजा साठे के पात्र कीर्ति सिंह के साथ। दूसरे सीजन में कीर्ति का पात्र राजनीति की तरफ आकर्षित नहीं था, लेकिन इस बार राजनीति के रंग उसे पसंद आ गए हैं। अनुजा कहती हैं, 'तीसरे सीजन में राजनीति ने मेरे पात्र कीर्ति सिंह अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। हालांकि इस भूमिका में जाना मेरे लिए आसान नहीं था। दूसरे सीजन के बाद तीन-चार प्रोजेक्ट एक साथ शूट कर रही थी। ऐसे में दोबारा उस भूमिका में जाने के लिए उसको पालिश करना पड़ा। डेढ़ साल का अंतराल था। हम सभी ने वर्कशाप, रीडिंग्स की। यह प्रक्रिया जरूरी होती है। तीसरे सीजन में जो नहीं बदला था, वह थी साड़ियां। मुझे वैसे भी साड़ियां बेहद पसंद हैं।' महारानी में हुमा कुरैशी शीर्षक भूमिका में हैं। ऐसे में सेकेंड लीड कहलाने से अनुजा को बुरा नहीं लगता है? इस पर वह कहती हैं, 'नहीं मुझे कोई दिक्कत नहीं। जब हम सीरीज देखते हैं, तो उसमें बहुत से किरदार होते हैं। हर पात्र जरूरी होता है। हर किसी का अपना स्क्रीन स्पेस होता है।'



महारानी 3 में राजनेत्री की भूमिका में हैं अनुजा • टीम अनुजा

********